श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 163, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 12 जुलाई 2023

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

सिनेमाघरों में खाने-पीने की चीजें अब सस्ती मिलेंगी, जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में फैसला

ऑनलाइन गेमिंग, घुड़सवारी पर लगेगा 28% टैक्स

नई दिल्ली: गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) काउंसिल की 50वीं बैठक में मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग, घुड़सवारी और कसीनो पर 28% टैक्स लगाने का फैसला किया गया है। इन पर 18% टैक्स लगता था। काउंसिल ने कैंसर की दवा के इंपोर्ट पर लगने वाले जीएसटी को भी हटाने की मंजूरी दी है। सिनेमा हॉल में खाने-पीने की चीजों के बिल पर लगने वाले जीएसटी को कम करने की सिफारिश को भी मंजूरी मिली। अब इनमें 18% के बजाय 5% जीएसटी लगेगा। रेयर डिजीज में इस्तेमाल होने वाले फूड फॉर स्पेशल मेडिकल पर्पज पर अब जीएसटी नहीं लगेगा। मीटिंग के बाद फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने इन फैसलों की जानकारी दी।

अपीलेट ट्रिब्यूनल बनाने को मिली मंजूरी

जीएसटी काउंसिल ने फिटमेंट कमेटी के सभी सुझावों को मंजूरी दी। काउंसिल ने जीएसटी ट्रिब्यूनल बनाने को मंजूरी दी है। इससे जीएसटी से जुड़े विवादों का निपटारा जल्द से जल्द हो सकेगा। महाराष्ट्र ने राज्य में 7 अपीलेट ट्रिब्यूनल बनाने की मांग की है। 4 को पहले चरण में मंजूरी दी जाएगी, बाकी तीन को अगले चरण में हरी झंडी मिलेगी।

रेयर बीमारियों दवाएं या स्पेशल फूड काफी ज्यादा महंगे: रेयर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं या स्पेशल फूड काफी ज्यादा महंगे होते हैं। इन्हें इंपोर्ट भी करना पड़ता है। सरकार ने अपने एक अनुमान में बताया था कि 10 किलोग्राम वजन वाले बच्चे के लिए कुछ क्रिटिकल बीमारियों के इलाज की एनुअल कॉस्ट 10 लाख रुपए से लेकर 1 करोड़ रुपए प्रति वर्ष से ज्यादा हो सकती है। इसमें ट्रीटमेंट जीवनभर चलता है।

जून में हुआ था 1.61 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

सरकार ने जून 2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.61 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें लगभग 12% बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल जून 2022 में 1.44 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। वहीं, एक महीने पहले मई 2023 में ये 1.57 लाख करोड़ रुपए रहा था।

फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में कैसा रहा जीएसटी कलेक्शन

पूरे फाइनेंशियल ईयर 2022-23 की बात की जाए तो इसमें टोटल 18.10 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। इसके आधार पर हर महीने जीएसटी कलेक्शन का औसत आंकड़ा 1.51 लाख करोड़ रुपए रहा था। वहीं, फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में जीएसटी का ग्रॉस रेवेन्यू, इससे पिछले फाइनेंशियल ईयर 2021-22 की तुलना में 22% ज्यादा रहा था।

6 साल पहले लागू हुआ था जीएसटी

जीएसटी एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे वैराइटी ऑफ प्रीवियस इनडायरेक्ट टैक्स (वैट), सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी और कई इनडायरेक्ट टैक्स को रिप्लेस करने के लिए 6 साल पहले 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था। जीएसटी में 5, 12, 18 और 28% के चार स्लैब हैं। हालांकि गोल्ड और गोल्ड ज्वेलरी पर 3% टैक्स लगता है।

कैंसर की दवा को जीएसटी फ्री करने की मांग की थी

कैंसर की दवा डिनुटूक्सिमैब पर भी टैक्स छूट दिए जाने की मांग की गई थी। फिटमेंट कमेटी का कहना था कि जिस दवा की कीमत 26 लाख हो और जिसके लिए क्राउड फंडिंग से पैसा जुटाते हों, उसे जीएसटी के दायरे से बाहर किया जाना चाहिए। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने इस पर सहमति जताई थी। इस दवा पर अभी 12% जीएसटी लगता है।

जीएसटी परिषद की बैठक में ईडी के जीएसटीएन से सूचना साझा करने का उठा मुद्दा

नई दिल्ली: माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की मंगलवार को 50वीं बैठक में गैर-भाजपा शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) से सूचना साझा करने के केंद्र के फैसले पर चिंता जताई है। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित बैठक के दौरान गैर-भाजपा शासित राज्यों के वित्त मंत्रियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष यह मुद्दा उठाया।

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कई वित्त मंत्रियों ने यह मुद्दा उठाया। दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान ने चिंता जताते हुए कहा है कि इस पर जीएसटी परिषद में चर्चा होनी चाहिए। आतिशी ने कहा कि सरकार ने जीएसटीएन को धन शोधन रोधक अधिनियम के तहत लाया है। इसका मतलब यह होगा कि चाहे आप छोटे या बड़े व्यवसाय में हैं, यदि आप जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं, तो आप पर रिटर्न दाखिल करने में देरी जैसे अपराधों के लिए ईडी मुकदमा चला सकता है। पंजाब सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इसे 'कर आतंकवाद' बताते हुए कहा कि इससे छोटे कारोबारी डरे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्रालय ने हाल ही में एक अधिसूचना के माध्यम से धन शोधन रोधक अधिनियम 2022 में संशोधन किया है। इसके तहत जीएसटी की प्रौद्योगिकी इकाई संभालने वाली जीएसटीएन को उन इकाइयों में शामिल किया गया है, जिनके साथ ईडी सूचना साझा कर सकता है।

चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग रिहर्सल संपन्न

14 जुलाई को होगा लॉन्च, चंद्रयान-3 मिशन को लॉन्च करने की उल्टी गिनती शुरू हो गई

नई दिल्ली। चंद्रयान-3 मिशन को लॉन्च करने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को चंद्रयान-3 के लिए लॉन्च रिहर्सल को पूरा कर लिया है। इसरो ने ट्वीट कर बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के लॉन्च रिहर्सल की तैयारी और 24 घंटे तक चलने वाली प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। कई दिन पहले श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में चंद्रयान-3 वाली इनकैप्सुलेटेड असेंबली को एलवीएम3 के साथ जोड़ा गया है। बता दें कि मिशन चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा।

चुनाव और हिंसा बंगाल में बने पर्यायवाची: भाजपा

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संबित पात्रा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि बंगाल में पंचायत चुनाव के नामांकन से लेकर अबतक कुल 45 लोगों की मौत हो चुकी है। सेंट्रल फोर्सेस होने के बावजूद बंगाल में 45 लोगों की हत्या होना ये दिखाता है कि प्रदेश सरकार किस प्रकार प्रायोजित तरीके से इन हत्याओं को अंजाम दे रही थी।

सुप्रीम कोर्ट में अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर सुनवाई टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा कि वो अपने जवाब की कॉपी सभी पक्षों को दें। जांच पूरी करने के लिए 14 अगस्त तक का समय दिया गया है, तब तक जांच की स्टेटस रिपोर्ट भी दाखिल करें। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सेबी की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि सेबी की तरफ से जो जांच चल रही है, उसका स्टेटस क्या है। तब मेहता ने मामले की सुनवाई को टालने की मांग करते हुए कहा कि 10 जुलाई की शाम को हमने जवाब ई-फाइलिंग के तहत दाखिल किया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सेबी सभी पक्षों को जवाब की कॉपी उपलब्ध कराए। प्रशांत भूषण ने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक सेबी किसी सकारात्मक नतीजे तक नहीं पहुंच सकती है लेकिन चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता की उस दलील को नकार दिया, जिसमें उन्होंने दावा किया की कमेटी को एजेंसी सपोर्ट नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने 14 अगस्त तक जांच पूरी करने का समय सेबी को दिया है। ऐसे में जांच रिपोर्ट को आने दें। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें भी सेबी के द्वारा दाखिल हलफनामा पढ़ने के लिए भी समय चाहिए। बिना जवाब पढ़े सुनवाई उचित नहीं होगी।

10 जुलाई को सेबी ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंप दी थी। सेबी ने एक हलफनामा के जरिये कहा है कि प्रतिभूति नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जरूरत है ।

2025 से एसी ट्रक केबिन को अनिवार्य करने की मसौदा अधिसूचना जारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ट्रकों के केबिन में एयर कंडीशनिंग (एसी) सिस्टम को अनिवार्य करने के मसौदा की अधिसूचना जारी कर दी। यह नियम 01 जनवरी 2025 से केवल एन-2 और एन-3 श्रेणी के ट्रकों पर लागू होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी मसौदा अधिसूचना में 01 जनवरी 2025 से निर्मित होने वाले एन-2 और एन-3 श्रेणियों से संबंधित मोटर वाहनों के केबिन में वातानुकूलित प्रणाली लगाने को अनिवार्य बना दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एन-2 श्रेणी के वाहन का कुल वजन 3500-12000 किलोग्राम के बीच होता है जबकि एन-3 श्रेणी के वाहन 12000 किलोग्राम से अधिक वजन के होते हैं। वातानुकूलित प्रणाली से युक्त केबिन के प्रदर्शन का समय-समय पर संशोधित आईएस 14618:2022 के अनुसार परीक्षण किया जाएगा। अधिसूचना जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर हितधारकों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

मणिपुर: सेना और अर्धसैनिक बल तैनात करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

मणिपुर में सेना और अर्धसैनिक बल तैनात करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में सेना और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग करने वाली ट्राइबल फोरम की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता ने कहा कि कोर्ट ऐसा निर्देश नहीं दे सकती। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को दो हफ्ते के अंदर ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई दो हफ्ते के बाद होगी। हालांकि कोर्ट ने कहा कि लोगों के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बलों की उचित तैनाती होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार एक कमेटी का गठन करे और सभी पक्ष अगले तीन दिनों में अपने सुझाव कमेटी को देंगे। इस कमेटी में कुकी समुदाय के विधायकों को भी शामिल करने पर सरकार विचार कर सकती है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि 14 जुलाई या उससे पहले उन सकारात्मक सुझावों पर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार को हिंसा पीड़ितों को मुआवजा देने और धार्मिक स्थलों के निर्माण के लिए मुआवजा देने का निर्देश दिया। कोर्ट को बताया गया कि मणिपुर में कानून-व्यवस्था और पुनर्वास की स्थिति की देखभाल के लिए सात जिलों में समितियां गठित की गई हैं। हालांकि समितियों में कुकी जनजाति समुदाय से कोई विधायक नहीं है।

ज्ञानवापी मामले पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मिली शिवलिंग जैसी संरचना की उम्र का पता लगाने के लिए साइंटिफिक सर्वे कराने के मामले पर सुनवाई टाल दी है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने हिन्दू पक्ष की ओर से मस्जिद पक्ष को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई अगले हफ्ते होगी। 19 मई को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मिली शिवलिंग जैसी संरचना की उम्र का पता लगाने के लिए साइंटिफिक सर्वे कराने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दिया था। कोर्ट ने कहा था कि इस याचिका पर आगे मुख्य याचिका के साथ ही सुनवाई होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कथित शिवलिंग के कार्बन डेटिंग किए जाने का आदेश दिया था।

हाई कोर्ट ने वाराणसी के डिस्ट्रिक जज को मामले की सुनवाई करने का आदेश देते हुए कहा था कि वैज्ञानिक सर्वे कब होगा और कैसे होगा, यह डिस्ट्रिक्ट जज तय करेंगे। हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से पेश की गई रिपोर्ट पर आदेश जारी किया जिसमें एएसआई ने कहा है कि बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए वैज्ञानिक सर्वे किए जा सकता है।



'ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल विस्तार अवैध'

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने को अवैध करार दिया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने संजय मिश्रा को 31 जुलाई तक दफ्तर खाली करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने ईडी और सीबीआई निदेशक का कार्यकाल पांच साल तक बढ़ाने की शक्ति केंद्र को देने वाले कानूनों को सही ठहराया है लेकिन ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने पर कहा कि हमने 2021 में आदेश दिया था कि उनका कार्यकाल आगे न बढ़ाया जाए। इसलिए अब वह 31 जुलाई तक ही अपने पद पर रह सकते हैं।

कोर्ट ने 8 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा था कि याचिकाकर्ता राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं और उनके निहित स्वार्थ हैं, इसलिए उनकी याचिका खारिज की जानी चाहिए। इन नेताओं के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। जस्टिस गवई ने कहा था कि आप दलीलें मत दोहराएं।

उन्होंने कहा था कि कोर्ट ने 2021 में ही कहा था कि असाधारण परिस्थितियों में ही कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। 2021 में कोर्ट ने कहा था कि 2021 के बाद संजय मिश्रा का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाए। कोर्ट ने कहा था कि ये राजनीतिक प्लेटफार्म नहीं है कि आप याचिकाकताओं के राजनीतिक जुड़ाव की चर्चा कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं ने कहा था कि जांच एजेंसियों के प्रमुखों को एक-एक साल का सेवा विस्तार देकर उनको समझौते के लिए मजबूर किया जाता है। ऐसा करना जांच एजेंसियों की स्वतंत्रता पर हमला है। वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा था कि इस तरह का सेवा विस्तार देने से जांच एजेंसियों के प्रमुखों की ओर से की जाने वाली जांच स्वतंत्र नहीं हो सकती है। ऐसे में सेवा विस्तार के लिए किए गए संशोधन को निरस्त किया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने वकील गोपाल शंकरनारायण की दलीलों का समर्थन करते हुए कहा था कि केंद्र सरकार ने संशोधन के जरिये प्रोबेशन की तरह की स्थिति तैयार की है। जांच एजेंसी के निदेशक को सरकार की इच्छा के मुताबिक काम करने को मजबूर किया जा रहा है और तभी उन्हें सेवा विस्तार दिया जा रहा है। इससे जांच एजेंसियों की स्वतंत्रता प्रभावित होती है।

चार्जशीट: बृजभूषण ने महिला पहलवानों से छेड़छाड़ की

नई दिल्ली: भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगे यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ के आरोपों में कोर्ट में दाखिल दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। दिल्ली पुलिस ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि 6 रेसलर्स की शिकायतों की अब तक की जांच के आधार पर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर केस चलाया जा सकता है। 13 जून की चार्जशीट में सेक्शन 506 (आपराधिक धमकी), 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना), 354 ए (यौन उत्पीड़न) और 354 डी (पीछा करना) लगाते हुए यह भी कहा गया है कि एक मामले में बृजभूषण की ओर से उत्पीड़न लगातार जारी था। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण और सेक्रेटरी विनोद तोमर को 18 जुलाई को कोर्ट में तलब किया है। इस पर बृजभूषण ने कहा कि वह कोर्ट के सामने पेश होंगे। उन्हें कोर्ट में पेश होने से कोई छूट नहीं चाहिए।

5 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश की थी चार्जशीट: बता दें कि दिल्ली पुलिस ने 15 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। आरोपियों में बृजभूषण के अलावा असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है।

चार्जशीट में पहलवानों के मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए बयान को अहम आधार माना गया है। बृजभूषण के खिलाफ करीब 7 गवाह मिले हैं। वहीं यौन शोषण की कथित जगह पर उनकी मौजूदगी के भी सबूत मिले हैं। चार्जशीट की पहली सुनवाई पर कोर्ट ने इसे एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर किया था। इसके अलावा, कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को चार्जशीट की एक कॉपी शिकायतकर्ता पहलवानों को देने के आदेश दिए हैं।

नकली दवा बनाने वाली कंपनियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: डॉ. मनसुख

नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

नकली दवा बनाने वाली कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बात केंद्रीय डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को एमएसएमई क्षेत्र की फार्मा कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फार्मा उत्पादों की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, नियामक अधिकारियों ने संयंत्रों का जोखिम-आधारित निरीक्षण और ऑडिट शुरू किया है। उन्होंने कहा कि 137 फर्मों का निरीक्षण किया गया और 105 फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 31 फर्मों में उत्पादन बंद कर दिया गया है और 50 फर्मों के खिलाफ उत्पाद एवं लाइसेंस रद्द करने और निलंबन जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 73 फर्मों को कारण बताओ नोटिस तथा 21 फर्मों के विरुद्ध चेतावनी पत्र जारी किये गये हैं। इंडस्ट्री के आश्वासन के आधार पर मंत्री ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से एमएसएमई फार्मा सेक्टर के लिए शेड्यूल एम अनिवार्य किया जाएगा, जिससे दवा की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

खबर संक्षेप

सर्प दंश से पत्रकार की हालत गम्भीर

मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र के अमिलिया कला निवासी लाल चन्द कुशवाहा का पुत्र शैलेश कुमार कुशवाहा 28 वर्ष जो एक दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता है सोमवार की सुबह मवेशियों के लिए चारा काटने खेत गया था। इस दौरान उसे सांप ने उस लिया। घर पहुंचने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे गांव के वैध के पास लेकर गए जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सड़क दुर्घटना में जीजा साली गंभीर रूप से घायल : नैनी। नैनी करछना थाना क्षेत्र के अंतहिया गांव के रहने वाले अंकुर तिवारी कोरांव की रहने वाली अपनी साली सोनम पांडेय को शहर स्थित किसी काम के लिए लेकर गए हुए थे। मंगलवार शाम को वह दोनों बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। बताया जाता है जैसे ही औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव के समीप पहुंचे पीछे से आ रही डीसीएम ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एसआरएन अस्पताल में दाखिल कराया।

खून से चिट्ठी लिख सीएम से मिलने को पैदल यात्रा करेंगे बारा के किसान

बारा तहसील मुख्यालय पर किसानों का धरना 12वें दिन भी जारी, कोई कार्यवाही नहीं होने पर राजधानी जाने का लिया फैसला

अखंड भारत संदेश

बारा। टंडनवन की भूमि को भूमाफियाओं की कब्जा से मुक्त कराने, वन भूमि पर अवैध कब्जा कराने के आरोपी वन दरोगा को बर्खास्त कराने, ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा व आदिवासी, मुसहर परिवार को मुख्यमंत्री आवास देने की मांग को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन बारा में मंगलवार को 12वें दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बैनर तले धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि बारा तहसील प्रशासन से उन्हे न्याय मिलना मुश्किल है। इसलिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि न्याय के लिए अपने खून से मुख्यमंत्री को खत लिखेंगे और 13 जुलाई को बारा से पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ जायेंगे। मुख्यमंत्री को टंडन वन की भूमि को भूमि माफियाओं से मुक्त कराने, ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, आदिवासी परिवारों को आवास देने के मांग की जाएगी। बताते चलें कि भारतीय किसान यूनियन (भानु) संगठन के किसान-मजदूर बीते 30 जून से बारा तहसील में धरने पर बैठे हैं।सैकड़ों की संख्या में धरने पर बैठे किसानों-मजदूरों से उपजिलाधिकारी बारा की तीन चरणों में वार्ता हो चुकी है, जिस पर उप जिलाधिकारी बारा द्वारा गठित राजस्व टीम व वनविभाग के अधिकारियों के समक्ष टंडन वन की पैमाइश कराई गई, जिसमें वन विभाग की सैकड़ों बीघे भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्जा पाया गया। वन दरोगा उदयभान की तहरीर पर अकौरिया ग्रामसभा के 13 अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 व 63 सी के तहत बारा थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। वहीं ग्राम बसहरा उपरहार में वन विभाग की जमीन को अवैध रूप से काश्तकारों को आवंटित पट्टे को निरस्त करने की संस्तुति उपजिलाधिकारी द्वारा कर दी गई है, लेकिन धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन भानु के मंडल अध्यक्ष राजीव चंदेल का आरोप है कि टंडन वन की पैमाइश व सीमांकन का कार्य कब्जा धारकों को बचाने के लिए किया जा रहा है। टंडन वन की भूमि पर अवैध कब्जा वन विभाग के अधिकारियों की सह पर किया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने पर यह बात साबित हो चुकी है कि टंडन वन पर अवैध कब्जा है, इसलिए वन विभाग के लोगों को निलंबित किया जाना चाहिए। भाकियू भानु के मंडल महासचिव केके मिश्र ने बताया कि मांग पूरी न होने पर 13 जुलाई को मुख्यमंत्री से मिलने के लिए किसान पैदल लखनऊ जाएंगे। लखनऊ जाने के लिए एसडीएम बारा को ज्ञापन देकर सूचित कर दिया गया है।अनिश्चितकालीन धरने में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष एसबी पाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, तहसील संगठन मंत्री लल्लू आदिवासी, श्याम सुंदर आदिवासी, ब्लाक अध्यक्ष जसरा रामबहादुर कुशवाहा, ब्लाक अध्यक्ष शंकरगढ अध्यक्ष अरुण कुमार, ब्लाक महासचिव बसंत बहादुर बिंद, मीडिया प्रभारी पंकज मिश्र, रमेश पटेल मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त एवं आत्मनिर्भर हुआ- मनोज सिंह आचार्य

प्रतापपुर। भारतीय जनता पार्टी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम महाजनसंपर्क अभियान तहत प्रतापपुर विधानसभा के जंघई मंडल में सरायममरेज शक्ति केंद्र के बूथ संख्या दो सौ छाछठ, दो सौ सरसठ, दो सौ अरसठ पर मंडल प्रभारी मनोज सिंह आचार्य के नेतृत्व में शक्ति केंद्र संयोजक उमाशंकर पटेल, बूथ अध्यक्ष मुकेश भारतीय, अनोद पटेल एवं सत्यम पटेल के साथ घर घर जाकर नरेंद्र मोदी द्वारा नौ साल में किए गए अभूतपूर्व कार्यों को बताया गया। मनोज सिंह आचार्य ने बताया कि आज हमारा देश आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में अभूतपूर्व सफलता हासिल किया है चाहे वह आत्मनिर्भर भारत का क्षेत्र हो या विज्ञान का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या सड़क बिजली पानी की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। एक तरफ कश्मीर से धारा तीन सौ सत्तर एवं पैंतीस ए को समाप्त किया गया तो दूसरी तरफ अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम का भव्य एवं दिव्य मंदिर बन रहा है, गरीबों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे राशन की उपलब्धता शौचालय, आवास, उज्जवला गैस, पाँच लाख की निशुल्क चिकित्सा सुविधा संचालित है।समान नागरिक संहिता के समर्थन हेतु जनमानस टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल कर उक्त बिल का समर्थन किया है।

मऊआइमा के मंसूरी छात्रों का लखनऊ में जमीअतुल मंसूर ने किया सम्मानित

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा के स्टेशन रोड स्थित सर सय्यद मेमोरियल पब्लिक स्कूल की छात्रों को जमीअतुल मंसूर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मऊआइमा गांव के मारखा मऊ निवासी तायमा मंसूरी, ताफिया मंसूरी, ताजिमा मंसूरी , सिफा मंसूरी और फिजा मंसूरी को स्कूल में अच्छा अंक लाने पर लखनऊ के मेजबान होटल में मुख्य अतिथि आई ए एस मोइन अहमद मंसूरी ने छात्रों को उपहार दे कर सम्मानित किए ।इस अवसर पर जावेद इकबाल मंसूरी राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ,आर ए उस्मानी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री ,आजाद मंसूरी आदि लोग सम्मानित समारोह में उपस्थित रहे।

निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन संपन्न

लालापुर। क्षेत्र के बाजार में प्रयागराज यूनाइटेड मेडिसिटी अस्पताल के जाने माने डॉक्टरों द्वारा मंगलवार को निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 160 लोगो का शारीरिक परीक्षण के साथ साथ निःशुल्क दवाइयां भी वितरण की गई। बता दें कि यूनाइटेड मेडिसिटी झलवा प्रयागराज की तरफ से लालापुर बाजार में आयोजित कैंप में प्रत्येक बीमारियों के डॉक्टर की मौजूदगी कई प्रकार की जांच फ्री में की गई, जैसे डायबटीज, बीपी आदि। साथ ही लोगों को फ्री में दवाएं भी दी गई।इस दौरान प्रयागराज यूनाइटेड मेडिसिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर ए.पी.सिंह परिहार, डॉ. नेहा सिंह, एमडी नरेंद्र कुमार द्विवेदी के साथ अन्य कई डॉक्टर रहे। इस मौके पर मार्केटिंग मैनेजर मनीष यादव, मार्केटिंग सुपरवाइजर अतुल द्विवेदी, प्रदीप मिश्रा व मोहित यादव भी मौजूद रहे।

राजस्थान के युवक का शव करछना के लटकहा गंगा घाट से बरामद

दो दिन पहले संगम में स्नान करने के दौरान डूब गया था नौकरी की तलाश में राजस्थान से प्रयागराज आया था

अखंड भारत संदेश

करछना। यमुनानगर के करछना थाना अंतर्गत लकटहा घाट पर गंगा में मंगलवार शाम को एक युवक की लाश उतराती हुई मिली। घाट पर मौजूद लडको ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

सूचना के बाद चौकी इंचार्ज पनासा अजीत कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ पहुंचे लाश को बाहर निकलवाया पहचान कराई गई तो पता चला कि 9 जुलाई को शहर के दारागंज कोतवाली अंतर्गत संगम क्षेत्र में एक लड़का डूब गया था जिसकी गुमशुदगी दारागंज थाने में दर्ज है वहां से करछना पुलिस ने फोटो मंगवाई फोटो के जरिए उसकी पहचान अनिल कुमार 24 पुत्र रामबाबू निवासी करौली राजस्थान के रूप में हुई।

इंस्पेक्टर दारागंज आशीष सिंह भदौरिया ने बताया कि अनिल कुमार अपने साथी कृष्णा के साथ राजस्थान से काम की तलाश में प्रयागराज आया था। 09 जुलाई को कृष्णा और अनिल संगम क्षेत्र में घाट के किनारे बैठ के दारु पी रहे थे। दारू पीने के बाद व संगम में नहाने लगे नहाते समय अनिल डूब गया।

कोरांव बाजार में सड़क किनारे मिली लावारिस लाश

लाश की हुई पहचान, मृतक मोहम्मद अनवर पुत्र हारून निवासी अजहरा लालगंज प्रतापगढ़ का है, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कोरांव। कोरांव बाजार में संस्कृत पाठशाला के सामने मंगलवार को सुबह सड़क पर लावारिस पड़ा शव मिलने से बाजार में सनसनी फैल गई। बाजार में लोगों ने जब सुबह सड़क पर अज्ञात व्यक्ति का शव देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने लावारिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करानी चाही हो उसके शर्ट में लालगंज प्रतापगढ़ के टेलर का स्टीकर देखा गया जिसमें मोबाइल नंबर भी था उसी से मृतक के घर वालों को जानकारी मिल गई जिससे पहचान हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के पास कपड़े से भरा एक बैग भी पड़ा मिला है। बैग में मृतक के पत्नी व बच्चों के साथ की एक फोटो भी मिली है। बैग में जो कपड़े थे उसमें टेलर का पता लालगंज जनपद मिजार्पुर पाया गया। जिससे यह कयास लगाया जा रहा है कि मृतक लालगंज क्षेत्र का ही रहने वाला होगा। लोगों ने आशंका जताई की मृतक कहीं से आ रहा था और रात्रि में जहरखुरानी का शिकार हो गया होगा। हालांकि शिनाख्त न हो पाने के कारण मृतक कहां से आ रहा था कहां का रहने वाला था इसकी जानकारी नहीं हो सकी। और न ही उसके मौत का कारण ही स्पष्ट हो सका। वैसे उक्त शव को रात में अन्य स्थानों से कोई अपराध कारित कर वहां द्वारा अपराधी फेंक कर भाग गए हों। फिलहाल मृतक के परिजनों ने बताया कि अनवर 21 नई को घर से बिटिया सानिया की शादी की थी। और मुंबई चला गया था। वह वहीं फल की दुकान चलाता था। वह मुंबई से घर के लिए वापिस निकला था किंतु अपराधियों ने अपने जाल में फंसा कर जहर दे कर मार डाला और लूट पाट कर लाश कोरांव क्षेत्र में ला कर फेंक दिया। यह घटना किसी रेलवे स्टेशन से उसे बहला कर या साथ ही इसी क्षेत्र के कुछ अपराधी साथ आ कर लूट कर घटना को अंजाम दिया हो।

भगवान श्रीकृष्ण का मना जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

जारी। कस्बे के जारी बाजार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचिका किशोरी मनुप्रिया ने कथा का सार श्रोताओं को बताया।श्रीमद् भागवत कथा बड़े हनुमान जी के मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव की झांकी निकलते ही श्रद्धालु पुष्प की वर्षा करने लगे। पूरे मंदिर परिसर को गुब्बारों से सजाया गया था जन्मोत्सव में संगीतकार के सोहर भजन पर श्रोता खूब झूमे। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयघोष से वातावरण गूंजमान हो उठा। कथा वाचिका किशोरी मनु प्रिया ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मथुरा में राजा कंस के अत्याचार से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म व प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया और उन्होंने कहा कि कथा का सुनना तभी सार्थक होगा, जब उसके बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। प्रति दिन कथा श्रवण के लिए राम सजीवन पूर्व प्रधान ,सेहत केसरवानी, बजरंग बहादुर ,रमेश केसरवानी, धर्मेंद्र केसरवानी ,सहित भारी

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथा दिन

संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जहां हजारों की संख्या में भक्तो की मंदिर परिसर में भारी भीड़ रही। जहां पांडाल में भक्तगण भक्ति रस संगीतमय कथा में झूम रहे थे। और भागवत आरती के बाद प्रसाद वितरण किए गए। आयोजक समस्त ग्रामवासी कृपानाथ तिवारी, मनोज कुमार केसरवानी (मुरारी) ,और शिवराम अग्रहरी ने श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

पीडित को ही करछना पुलिस डांट कर भगाया, सीएम पोर्टल पर शिकायत

अखंड भारत संदेश

करछना। मोबाइल चोरी करते चोर को रंगे हाथों पकड़ा पुलिस को सौंपा मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराने गए शिकायतकर्ता को ही पुलिस की खानी पड़ी डांट करछना थाना क्षेत्र के भरहा गांव निवासी रामकृष्ण पटेल पुत्र गुलाब सिंह सोमवार सायं काल सब्जी लेने हिन्दूपुर स्थिति जबरगंज बाजार गया जहां बाजार में सब्जी खरीदते समय जेब से मोबाइल चोरी हो गया वहीं थोड़ी देर बाद दूसरे व्यक्ति सोनू कुमार मौर्य पुत्र पंचम लाल मौर्य का मोबाइल निकालते चोर रंगेहाथों पकड़ा गया जिसके बाद भीड ने चोर को मारपीट करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया रामकृष्ण पटेल ने भी अपनी मोबाइल फोन चोरी की शिकायत दर्ज कराने थाने गया तो उसे ही फटकार सुननी पड़ी हालांकि देर रात तक सभी लोगों मौजूद रहे और मोबाइल चोरी का प्रार्थना पत्र भी लिया गया लेकिन सुबह मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराने गए शिकायतकर्ता रामकृष्ण पटेल से ही पुलिस ने उल्टे सीधे सवाल किए जिसके बाद शिकायत कर्ता घबड़ा कर अपना शिकायत पत्र वापस ले लिया मोबाइल फोन चोरी करते रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद भी पुलिस बिना कोई कार्रवाई के उसे छोड़ दिया जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है थाने से महज दो सौ मीटर दुर जबरगंज बाजार में हर बाजार चोरी की घटना आम बात हो गई है और पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी हुई है मोबाइल फोन व अन्य चीजों की चोरी की शिकायत करने के बजाय लोग किसी से कुछ कहने के बजाय अपने घर चले जाते हैं।

एबीवीपी धनूपुर इकाई ने 75 वें स्थापना दिवस पर किया संगोष्ठी का आयोजन

अखंड भारत संदेश

धनूपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनूपुर इकाई द्वारा परिषद के स्थापना दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को आरडीएम इंटर कालेज परवा में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एवं प्रांत प्रवासी के रूप में एग्रिविजन के राष्ट्रीय संयोजक व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमित सिंह का प्रवास रहा। छात्र छात्राओं को संबोधित करते उन्होंने परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला कहा कि परिषद अपने स्थापना काल से ही परिसर में अलग अलग विभाग के क्षेत्र में अलग आयाम के माध्यम से काम करता है। परिषद के संघर्ष को बताया कि विद्यार्थी परिषद छात्रों की शिक्षा से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण करता है। वहीं जिला प्रमुख डॉ दीपक कुमार सिंह कहा कि विद्यार्थी सात दशक को पूर्ण कर लिया है छात्र सेवा से लेकर जनसेवा तक के कार्यों में कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रधानाचार्य यमुना शुक्ला ने कहा कि ज्ञान शील एकता ही परिषद की विशेषता है। विभाग संयोजक शिव कुमार तिवारी तेजस्वी ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों का आभार जताया उक्त अवसर पर जिला प्रमुख डॉ दीपक कुमार सिंह ने धनूपुर नगर इकाई की नूतन घोषणा किया जो इस प्रकार है। नगर अध्यक्ष उमेश मिश्रा, नगर मंत्री पवन रावत, सह मंत्री आशुतोष विश्वकर्मा काका, सह मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा एवं अखिलेश पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य अनुज शर्मा एवं अंशु दुबे, अमन पांडेय एसडीएफ संयोजक निशांत श्रीवास्तव, एसएफएस संयोजक, सोशल मीडिया संयोजक आशीष गौड़ को बनाया गया है।इस मौके पर जिला संगठन मंत्री सौरभ, जिला सह संयोजक विवेक तिवारी, ऋषभ मिश्रा सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

हर घर जल योजना के तहत सड़क की पटरियों पर ठेकेदारों द्वारा खुदाई से आवागमन बाधित

जंघई। हर घर जल योजना के तहत सरकार द्वारा देश के सभी नागरिकों के घर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा प्रत्येक घर तक नल का कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा। हर घर जल योजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य 2030 निर्धारित किया गया था। जिसे अब 2024 कर दिया गया है। कार्य को प्राइवेट फर्म के ठेकेदारों द्वारा संचालित किया जा रहा है सड़क के किनारे पटरियों पर पाइप लाइन डालने के लिए ठेकेदारों द्वारा जेसीबी से गहरी खुदाई की गई है। बरसात का समय है खुदाई को न ढकने के कारण सड़क पर मिट्टी फैली हुई है लोग गिरकर फिसलकर चुटहिल हो रहें हैं। चनेथू जंघई मार्ग पर महुवापुर में प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है लेकिन ठेकेदार ने अभी तक पाइप डालकर गड्ढे को बंद नहीं कराया जिसके कारण प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है लोग घायल हो रहे हैं लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

पत्रकार को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले का पुलिस पता लगाने में नाकाम

मऊआइमा। मऊआइमा के एक दैनिक हिंदी समाचार पत्र के स्थानीय संवादाता को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन आज उस शातिर दबंग अपराधी का पता लगाने में पुलिस नाकाम रही। पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संवाददात को फोन पर अभद्रता की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई कहा गया की जैसे तुम्हारे भाई के साथ हुआ था वही तुम्हारे साथ हो गा पुलिस ने पत्रकार की तहरीर पर मुकदमा तो दर्ज जरूर कर लिया लेकिन सप्ताह भर में शातिर आरोपी को पता लगाने में नाकाम है।जब कि माननीय मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ का सख्त आदेश है कि पत्रकारों से अभद्रता करने वाले को 24 घंटे में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजे तथा पचास हजार का जुमार्ना देना पड़े गा। फिर भी पुलिस इन सब बातों से अनजान है। इस लिए पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है।

पीडब्ल्यूडी विभाग में अजब- गजब खेल!

अखंड भारत संदेश

सिरसा। मांडा खास सिकरा का ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनने के बाद आप दंग रह जाएगे। इस मामले में पीडब्ल्यू डी विभाग ने अजब गजब खेल खेला है। विभाग ने बिना गांव और बिना गली के ही टेंडर जारी कर सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया। सड़क बनाने का काम किसान की जमीन पर किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित किसान ने प्रमुख सचिव सहित अन्य अधिकारियों से की है। लेकिन ठेकेदार और स्थानीय पुलिस की मनमानी से कार्य नही रोका जा सका है। जानकारी के मुताबिक मांडा , मांडा खास सिकरा पुर मेजा के रहने वाले राधेश्याम मिश्रा और राजेंद्र मिश्रा दो भाइयो कि भूमि गांव में ही है। जहां कुछ महीने पहले लोक निर्माण विभाग ने सड़क बनाने के लिए एक टेंडर जारी कर दिया। वह सड़क निर्माण सिकरा पुर, खटिकान बस्ती, तिवारी पुर के नाम भी निर्माण कार्य के लिए जारी किया गया। जहां मुख्य अभियंता ने इस कार्य को शुरू कराने के लिए ठेकेदार दिलावर सिंह को टेंडर दिया गया। राजेंद्र मिश्रा का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग की मनमानी से निर्माण किया जा रहा है। हमारी जमीन मे 10 फिट जबरिया ले लिया गया। वही ठेकेदार दिलावर सिंह का कहना है कि विभागीय अधिकारी ही नाप कर जमीन चिन्हित किये है। इसलिए निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों का आदेश आने पर कार्य रोक दिया जायेगा। जिससे काश्तकारों ने रोष है।

दरवाजे का सेंट्रल लॉक तोड़कर पंचायत भवन से कीमती सामान चोरी

सहसों। थरवई थाना क्षेत्र के मथुरा उर्फ पारनडीह ग्राम सभा स्थित पंचायत भवन में सोमवार की रात चोरों ने लोहे के दरवाजे में लगा सेंट्रल लॉक को तोड़कर अंदर रखा हुआ हाइटेक कंप्यूटर, प्रिंटर मशीन, इनवर्टर, बैटरा, सीसीटीवी कैमरा के कुछ पार्ट्स व ग्रामसभा से संबंधित कुछ अभिलेख उठा ले गए। मंगलवार को सुबह चोरी की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान दीपेन्द्र कुमार व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी शशि यादव पंचायत भवन पर पहुंच गए। मामले की लिखित सूचना थरवई पुलिस को दिया गया है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल किया। बता दें कि दो दिन पहले 8 जून को पास के ग्राम पंचायत चक काशीराम स्थित पंचायत भवन का भी ताला तोड़कर सभी सामान चोरी हो चुका है। पंचायत भवन में चोरी का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर पाई है। चोरों का हौसला बुलंद है।

हल्का लेखपाल की मनमानी से ग्रामीण परेशान

सहसों। फूलपुर तहसील के ग्राम सभा उमरी के ग्रामवासी अपने यहां कार्यरत हल्का लेखपाल देवेन्द्र कुमार से काफी परेशान हैं। लेखपाल की गलत कार्यप्रणाली एवं मनमानी को लेकर उनमें काफी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल गांव के वरासत और छोटे-मोटे काम के लिए भी धन वसूली में लगे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार लेखपाल का एक सूत्री कार्यक्रम है कि धन लाओ काम कराओ। काम के सिलसिले में फोन करने पर वह फोन भी नहीं उठाते। गांव में उनसे मुलाकात नहीं होने से तहसील में जाने पर भी उनसे मुलाकात नहीं हो पाती है। ग्राम वासियों ने संबंधित अधिकारियों समेत जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से शिकायत के बाद अपने संयुक्त हस्ताक्षर से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लेखपाल का उमरी ग्राम सभा से हस्तानांतरण कराए जाने की मांग किया है।

खबर संक्षेप

70 साल के वृद्ध ने किशोरी को किया गर्भवती, रिपोर्ट दर्ज

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय किशोरी के साथ पड़ोस में रहने वाला रिटायर्ड कर्मचारी शारीरिक शोषण करता रहा धमकी की वजह से किशोरी किसी को कुछ नहीं बता पाई। किशोरी के गर्भवती होने के बाद परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो मंगलवार को 70 साल के वृद्ध के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पीड़िता के पिता ने मंगलवार की शाम मामले की लिखित शिकायत पुलिस से करते हुए बताया कि पड़ोस का ही रहने वाला वृद्ध हमारी 13 वर्षीय बेटी जो कक्षा आठ की छात्रा है उसे डरा धमका कर कई महीनों से उसके साथ दुराचार कर रहा था किशोरी के शरीर में परिवर्तन आया तब पूछने पर उसने रोते हुए आपबीती सुनाई। आपबीती सुनकर माता-पिता के होश उड़ गए। पिता बेटी को थाने पहुचा तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया आनन-फानन में पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। आरोपी बिजली विभाग में लाइनमेन से रिटायर बताया जा रहा है।

जमीनी विवाद में वकील को मारी गोली

साथियों के साथ बेली रोड पर लगाया जाम , काफी देर तक होता रहा हंगामा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज के कर्नलगंज क्षेत्र में मंगलवार को अधिवत्ता राज कुमार श्रीवास्तव को जमीनी विवाद में गोली मार दी गई। हालांकि वो बाल बाल बच गए। गोली चलने से इससे नाराज अधिवक्ताओं ने टीबी सप्रू अस्पताल (बेली) के सामने जाम लगा दिया। थोड़ी ही देर में मेयोहॉल से लेकर तेलियरगंज चौराहे तक जाम लग गया। इससे पुलिस प्रशासन के हाथ पांव पफूल गए। काफी मशक्कत के बाद और आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देने के बाद अधिवक्ताओं ने रास्ता साफ किया। अधिवक्ता राजकुमार श्रीवास्तव ने कर्नलगंज पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा गया है कि जमीन के विवाद में उनके ऊपर विनोद कुमार मिश्रा द्वारा फायरिंग की गई। फायरिंग में वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोली चलाने के आरोपी अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्रा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने राजकुमार श्रीवास्तव को काफी समझाया कि आरोपी पर कानूनी कार्रवाई होगी। विनोद मिश्रा को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ हो रही है और उनके पास से 1 पिस्टल, 1 डबल बैरल बंदूक बरामद कर लिया गया है। इसके बाद हंगामा कर रहे अधिवक्ताओं को पुलिस ने काफी समझा-बुझाकर किसी तरह से जाम खुलवाया। जाम की वजह से तेलियरगंज से लेकर नेहाल चौराहे तक जो जहां रहा वहां 40 मिनट तक फंसा रहा।

नैनी के डांडी में गैस सिलेंडर में लगी आग

फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, नजूल खुला होने की वजह से हुआ हादसा

नैनी। नैनी कोतवाली अंतर्गत डांडी मन्ना के पुरवा में सोमवार को आधी रात के बाद अचानक से मोहम्मद अली टायर वाले के घर में आग लग गई। गैस सिलेंडर लीकेज से लगी आग में लाखों की क्षति हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू नैनी कोतवाली अंतर्गत मन्ना का पुरवा निवासी फराह नाज खाना बनाकर उस पर दूध उबाला और नाजुल बंद करना भूल गई। वापस कमरे में जाकर सो गई। तभी गैस मैं आग लग गई, तो आनन-फानन में मौजूद मोहम्मद अली ने गैस सिलेंडर को दूसरे कमरे में फेंक दिया। तब भी आग बहुत तेजी से लगी हुई थी। गांव बस्ती वालों ने फायर ब्रिगेड एवं चौकी एग्रीकल्चर को सूचित किया। उसके पहले मौजूद कलीमुद्दीन, नदीम, मुस्तकीम फहद , फैज अली और इन सभी लोगों ने बोरा भीगा कर गैस सिलेंडर पर फेंका। उस पर आग बुझाने पर कामयाबी मिली। कोई हताहत की बात नहीं। घर के सभी लोग कमरे से बाहर निकल गए थे। सभी लोग की जान बच गई। किचन में रखा सामान जलकर राख हो गया। चौकी एग्रीकल्चर विपिन पाल ने मौजूद अपने दल बल के साथ और फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया।

बुर्का पहनकर अस्पताल पहुंचा युवक

अखंड भारत संदेश

लाइन में खड़े होकर इधर-उधर फोटो खींच रहा था, किया गया गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज के मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में एक युवक बुर्का पहनकर पहुंच गया। वह पंजीकरण काउंटर पर लगे कतार में खड़ा था, वह कभी मोबाइल से फोटो खींचता तो कभी इधर-उधर देखता रहा। उसकी गतिविधियों पर पीछे खड़े लोगों को वह संदिग्धथ लगा। पहले तो लोगों ने यह समझा कि कोई मुस्लिम महिला है। इलाज के लिए आई है, मगर जब इसकी सूचना अस्पताल के कर्मचारियों को हुई तो उसके पास पहुंच गए और उससे फोटो खींचने का कारण पूछा। अस्पताल कर्मियों के सवाल पर सहम गया और जब वह बोलना शुरू किया तो उसकी आवाज पुरुषों की तरह लगी। इस बार लोग उसके बुर्के निकलवा दिए, उसे देख वहां खड़े सहम गए। इसके बद पुलिस को इसकी सूचना दी। रात में शाहगंज पुलिस उसे अपने साथ ले गई। शाहगंज पुलिस उस युवक से पूछताछ की तो पता चला कि उसका नाम अनुपम खरे है। वह गढ़ैया का रहने वाला है। शाहगंज थानाध्यक्ष मुदिय राय ने बताया कि जानकारी होते ही संदिग्ध स्थिति में पाया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने यह बुर्का पहनकर अस्पताल आने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह एक सामाजिक प्रयोग करने के लिए इस वेष में आया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके खिलाफ अभी कोई मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है। उसे सीएमओ ऑफिस की टीम के समक्ष प्रस्तुत कर उसके मानसिक परीक्षण की भी जांच कराई जाएगी।

खंड शिक्षा अधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपनी पदोन्नति संबंधी एवं वेतन विसंगति संबंधी विभिन्न दीर्घकालिक मांगों को लेकर जनपद प्रयागराज के जिलाधिकारी कार्यालय में एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह को अपना ज्ञापन सौंपा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं पर विचार नहीं किया जाता एवं निस्तारण नहीं होता है तो इसके विरोध में दिनांक 17 जुलाई 2023 को लखनऊ में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन पर चले जाएंगे।इसके पूर्व भी खंड शिक्षा अधिकारियों ने कई बार अपनी समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन तक अपनी बात रखी परंतु उनके पक्ष में अभी तक विचार नहीं किया गया है। ऐसी दशा में खंड शिक्षा अधिकारी आगे की रणनीति बनाकर संघर्ष की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञापन के दौरान लगभग एक दर्जन खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से खंड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओम प्रकाश मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी होलागढ़ लाल जी शर्मा, बहरिया के खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र मौर्य सोरांव से राजीव प्रताप सिंह, नगर क्षेत्र की प्रज्ञा सिंह, फूलपुर के विश्वनाथ प्रजापति, सैदाबाद से अखिलेश यादव, हंडिया के खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप सिंह एवं नगर क्षेत्र से नीलम शाक्य आदि खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञापन के दौरान उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। ह्यसम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, उप नगर आयुक्त दीप शिखा पाण्डये, महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव, जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई, मदन गोपाल, अमरजीत यादव, दिलीप श्रीवास्तव, आर0पी0 श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, अधिषाशी अभियन्ता विद्युत श्री राधे कृष्ण लाल, लेखाधिकारी अक्षय कुमार, तथा सचिव सूर्यशंकर त्रिपाठी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सावन के पहले सोमवार को विश्वशांति के लिए गंगा आरती

बिहार के अवरल जिले के चेयरमैन ने बतौर मुख्य अतिथि की गंगा आरती

नैनी। सावन के पहले सोमवार पर नैनी के महाकाल घाट पर मां गंगा की विशाल आरती का आयोजन किया गया। जिसमें प्रयागराज व विश्व शांति की कामना की। सोमवार को महाकाल घाट पर आयोजित मां गंगा की विशाल आरती बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सुधीर शर्मा, चेयरमैन, अरवल बिहार प्रतिनिधि ने किया। उनके साथ पवन द्विवेदी, लकी यादव, मंटू सिंह, बबलू सिंह, विनय सिंह सुनील जायसवाल मोनू सिंह, वंश नारायण पांडे वीरचंद यादव प्रधान जी टुनटुन पांडेय गोपाल तिवारी आर के पांडे वकील साहब आदि मौजूद रहे।

मो. अजहर बनाए गए सपा शहर दक्षिणी के अध्यक्ष तथा सुभाष केसरवानी महानगर सचिव

नैनी। नैनी के नेता मोहम्मद अजहर समाजवादी पार्टी प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष तथा सुभाष केसरवानी महानगर सचिव नियुक्त किए गए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव ने नियुक्त किया विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर दोनों नेताओं क्षेत्र के तमाम नेताओं, कार्यकताओं मोहम्मद तारिक, राम सेन यादव, सविता कैथवास, , राजेश यादव, अजय यादव, बच्चा जायसवाल ,सोहेल अहमद ,सत्य गोपाल यादव, मुकेश जायसवाल, राजू पटेल बच्चा विश्वकर्मा, महेश श्रीवास्तव, बच्चा पासी आदि ने खुशी जताते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया।

उमस ने बढ़ाई लोगो की बेचैनी,कई जगह गरज चमक के साथ पड़े छीटे, कही धूप ने बढ़ाई परेशानी

नैनी। नैनी प्रयागराज में बादलों की लूकाछिपी जारी है। अलग-अलग मोहल्लों और इलाकों में मौसम का हाल अलग-अलग दिख रहा है। कही तेज धूप तो कही बादलों की छांव, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बादलों ने भी मोहल्ले बंटवारा कर दिया। मंगलवार को दिन के वक्त बीच शहर सूखा रहा, तो शहर और ग्रामीण के ही इलाकों में बादल रिमझिम फुहारे पड़ी। जहां बारिश नहीं हुई, वहां भीषण उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर नजर आए। जहां बादल बरसे वहां लोग बारिश में खूब भीगे। रात के वक्त शहर में गरज के साथ हुई बारिश ने शहरियों को उमस से राहत दिलाई। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसा हो रहा है। दोपहर से यमुनापार के नैनी घूरपुर, गौहानिया, शहरी क्षेत्र के सूबेदारागंज, रेलगांव, न्याय विहार, धूमनगंज, सुलेमसराय स्थित शेरवानी लीगेसी, राजरूपपुर, मुंडेरा एवं आसपास के इलाकों में हल्की से लेकर तेज बारेश हुई। हीं सिविल लाइंस, कटरा, जॉर्जटाउन, अल्लापुर, चौक सहित कई क्षेत्रों में सूखा पड़ा रहा। सुबह से कई बार आसमान पर काले बादल छाए नजर आए। लेकिन बरसे नहीं। इन क्षेत्रों में भीषण उमस है और बाजार में खरीदारी के लिए पहुंचे लोग पसीने से तरबतर दिखे। मंगलवार को सुबह से जॉर्जटाउन, टैगोरटाउन, सोहबतियाबाग, तुलारामबाग, बेलीरोड, जॉर्जटाउन, सिविल लाइंस, कटरा, कीडगंज, अल्लापुर सहित शहर के बड़े हिस्से और गंगापार एवं यमुनापार में गरज चमक के साथ छीटे पड़े। मौसम विज्ञान डॉ. शलेंद्र कुमार राय का कहना है कि जलवायु परिवर्तन का नतीजा है कि लगातार बारिश नहीं हो रही है। बादल ब्लॉकों में बंट गए हैं। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार और बुधवार को बादल छाए रहेंगे। दिन में दो से तीन बार गरज चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। मौसम विभाग ने 12 जुलाई को भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

कुँए में गिरे बछड़े को निकाला गया

झूंसी। थाना क्षेत्र के तुलापुर गांव में एक कुँए में गिरे बछड़े को ग्रामीणों के सहयोग से फायर कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया जाता है कि दो दिन से गाय का बछड़ा कुँए में गिरा था और गाय उसी कुएं के आसपास चिल्लाते हुए घूम रही थी। ग्रामीणों को शक हुआ तब कुँए में देखा तो बछड़ा उसी में टहल रहा था। जिसे मंगलवार को कड़ी मसक्कत के बाद निकाला गया। तुलापुर गांव में हीरालाल का पुराना कुआं है जिसमें पंपिंग सेट लगा था और इस समय पम्पिंग सेट बंद है गाय पिछले 2 दिनों से लगातार कुए के आसपास जोर जोर से चिल्ला रही थी गांव वाले समझ नहीं पा रहे थे की आखिरी गाय कुएं के पास ही आकर क्यों चिल्ला रही है फिर किसी के दिमाग में आया तो जब कुएं में झांक करके देखा तो गाय का बच्चा उसमें टहल रहा था तब लोगों को जानकारी हुई पुलिस को सूचना दी गई फायर पुलिस प्रशासन के लोग ग्रामीणों की मदद से बच्चे को निकालने का प्रयास में जुट गए। बताया जा रहा है कि कुएं में गैस बन रही थी गाय का बच्चा अपनी किस्मत से जिंदा था। जिसे बाहर निकाल लिया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा जन संख्या स्थिरता पखवाड़ा

परिवार नियोजन में पुरुष भी निभाएं अपनी अहम भूमिका : मुख्य चिकित्सा अधिकारी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी 11 से 31 जुलाई विश्व संख्या स्थिरता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने जागरूकता रैली व सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया` रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रारम्भ होकर बेली टीबी सप्रू अस्पताल से होकर पुनः मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर समाप्त हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पाण्डेय ने बताया कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा परिवार नियोजन के व्यापक प्रचार प्रसार एवं सेवा प्रदायी के रूप में मनाने का मुख्य उद्देश्य जन समुदाय को परिवार नियोजन की जानकारी देना व परिवार नियोजन के स्थाई-अस्थाई साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। यह पखवाड़ा 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसी संदर्भ में परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास किये जाएंगे उन्होंने कहा कि जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। उन्होने बताया कि जनपद परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है, जब परिवार सीमित होगा। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय, पीएचसी-सीएचसी व जिले की शहरी पीएचसी समेत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर परिवार नियोजन की सेवाएं उपलब्ध हैं। परिवार को सीमित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, जिसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए आशा व एएनएम कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो चरणों में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत लक्षित दम्पति को चिन्हित कर परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के प्रति प्रेरित किया गया। अगला चरण जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का मंगलवार (11 जुलाई)से शुरू हो रहा है जो 31 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत लक्षित दम्पति को सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के बारे में किशोर-किशोरियों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि भविष्य में वह सही समय पर सही कदम उठाने के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकें। कार्यक्रम में समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सत्येनराय, डॉ राघवेन्द्र, डॉ निशा सोनकर, डीपीएम विनोद सिंह मुकेश श्रीवास्तव, सचिन चौरसिया, अशरफ, प्रीती, व मुख्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

प्री-डायबिटीज के मामले में भारत में गांव और शहर का हाल एक जैसा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। देश में हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तकरीबन 35.5 फीसदी आबादी यानी 31.5 करोड़ लोग हाई ब्लड प्रेशर की चपेट में हैं। इसके कारण हृदय रोगियों की संख्या बढ़ी है। यह बातें दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट लंग डिजीज अस्पताल के चेयरमैन व हृदय और फेफड़े प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. राहुल चंदोला ने कहीं। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर द्वारा पिछले दिनों की गई स्टडी के मुताबिक देश की लगभग एक चौथाई आबादी या तो डायबिटीज का शिकार है या प्री-डायबिटिक स्टेज पर है। देश की 11.4 फीसदी आबादी (10.1 करोड़ लोग) डायबिटीज की चपेट में है, जबकि 15.3% आबादी (13.6 करोड़ लोग) प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं। अभी जो लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं। अगले 5 वर्षों में उनमें से तकरीबन आधे डायबिटीज के मरीज बन सकते हैं। यह बहुत चिंता का विषय है। स्टडी के मुताबिक देश की 28.6 फीसदी आबादी मोटापे की चपेट में है। वहीं, बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) पैरामीटर की बात करें तो 39.5 प्रतिशत (35.1 करोड़) लोग पेट के मोटापे का शिकार है। इसी तरह देश की 24 फीसदी आबादी हाइपर कोलेस्ट्रोलीमिया की चपेट में है। 21.3 करोड़ लोग बेड कोलेस्ट्रॉल से जूझ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के मुकाबले शहरी इलाकों में करीब दोगुने लोग मधुमेह की चपेट में हैं। आईएसीएम के रिसर्च के डाटा पर नजर डालें तो शहरी इलाकों की 16.4 फीसदी आबादी डायबिटीज की चपेट में है, जबकि ग्रामीण इलाकों की 8.9% आबादी डायबिटीज से जूझ रही है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि प्री-डायबिटीज के मामले में गांव और शहर की स्थिति लगभग एक जैसी ही है। शहरी इलाकों में जहां 15.4 फीसदी लोग प्री-डायबिटीज स्टेज पर हैं तो ग्रामीण इलाकों में 15.2 प्रतिशत लोग प्री-डायबिटीज से जूझ रहे हैं। रिसर्च के मुताबिक दक्षिण भारत के राज्यों में डायबिटीज के सर्वाधिक मरीज हैं। उत्तर भारत की बात करें तो दिल्ली और पंजाब दो ऐसे राज्य है जहां सर्वाधिक डायबिटीज पीड़ित है। दूसरी तरफ, सर्वाधिक आबादी वाला राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में महज 4.8 फीसदी लोग शुगर की चपेट में है। वहीं हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर के मामले में भी शहरी आबादी ज्यादा प्रभावित है। शहरी इलाकों के 40.7% फीसदी लोग हाई ब्लड प्रेशर के शिकार हैं, तो ग्रामीण इलाकों में 33% लोग इसकी चपेट में हैं। पंजाब ऐसा राज्य है जहां की आधी से ज्यादा आबादी हाइपरटेंशन की चपेट में है। 51.8 लोग हाई बीपी के शिकार है। हाई कोलेस्ट्रॉल की बात करें तो शहरी इलाकों में 27.4% और और ग्रामीण इलाकों में 22.3 प्रतिशत इसकी चपेट में है।

जीवनशैली में सुधार जरूरी :

अब लोग फल और सब्जियों का सेवन काफी कम करते हैं। युवा अधिकतर नशे की ओर बढ़ रहे हैं। धूम्रपान अत्यधिक होने लगा है। दैनिक व्यायाम, योग प्राणायाम न करने और अधिकांश समय अपने कार्यस्थल पर बैठकर काम करने से हृदय रोग के मामले बढ़ रहे हैं। बदलते परिवेश में अब बच्चों के साथ बड़े भी घर के बाहर का बना पिज्जा, बर्गर, फास्ट फूड ज्यादा पसंद कर रहे हैं। सभी के द्वारा सब्जियां, अनाज, दूध, घी का सेवन कम होता जा रहा है। खराब जीवन शैली की आदतों के कारण मध्यम आयु वर्ग की आबादी समय से पहले ही दिल की समस्याओं से जूझने लगा है। तंबाकू का सेवन हृदय के साथ कई अन्य बीमारियों का कारक है। जीवन शैली में बदलाव से बहुत हद तक इससे बचा जा सकता है। सप्ताह में कम से कम पांच दिन तक रोज 30 मिनट तेज चाल से पैदल चलें, मानसिक तनाव कम ले। अगर किसी व्यक्ति को हाई ब्लडप्रेशर की समस्या है, तो हर 15 दिन में ब्लड प्रेशर की जांच कराएं। ब्लड प्रेशर कंट्रोल में न होना हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा देता है। स्वस्थ शरीर और दिल के लिए पूरी नींद लेना चाहिए।

कोरोना के बाद बढ़ी है हृदय रोग की समस्या :

मुंह और फेफड़े के कैंसर के साथ हृदय, सांस, नस, यादाश्त तथा दूसरी कई गंभीर बीमारियों की वजह तंबाकू का सेवन बन रहा है। अब इलाज के लिए आने वाले रोगियों में कोरोना के बाद सांस फूलने, सुगर, हाई ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन की शिकायत है। कोरोना ने लोगों के दिल को कमजोर कर दिया है। तीन वर्षों में हार्ट अटैक की शिकायतें भी बढ़ गई हैं। तंबाकू में अन्य कई और तत्व भी कैंसर कारक है। तंबाकू सेवन से मुंह, गला, श्वांस नली व फेफड़े का कैंसर होता है। इससे दिल की बीमारी, उच्च रक्तचाप व पेट में अल्सर होने की भी आशंका रहती है, इसलिए एक बार निश्चय कर तंबाकू छोड़ दें।

गंभीर रोगियों को इलाज में मदद करेगा फाउंडेशन :

हृदय और फेफड़े की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को हंस फाउंडेशन की ओर से इलाज में मदद की जाएगी। फाउंडेशन की ओर से पहले भी गरीब परिवार के लोगों की इलाज में मदद की जाती रही है। ऐसे में शहर के वह मरीज जो गंभीर बीमारी से जूझ रहे फाउंडेशन और अस्पताल से संपर्क कर सकते हैं।जरूरी मरीजों की पहचान के बाद उन्हें इलाज में मदद की जाएगी।

पटरी से उतरी मालगाड़ी, वैगन से अलग हुआ चक्का, रूट ठप

प्रतापगढ़ रेलवे यार्ड में हुआ डिरेलमेंट, मौके पर अफसर जांच पड़ताल में जुटे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बनारस जा रही मालगाड़ी के दो वैगन मंगलवार दोपहर प्रतापगढ़ यार्ड में पटरी से उतर गए। उस समय ड्राइवर को पता नहीं था। जिससे दोनो वैगन काफी दूर तक घसीटते गए। कापलिंग टूट गई और दोनो मालगाड़ी से अलग होकर दूसरी लाइन में आ गए। घटना के समय शायद स्पीड तेज होगी। जिससे वैगन के चक्के गिट्टियों में धंसकर ढांचे से अलग हो गए। इस दुर्घटना के बाद बनारस रेल मार्ग ठप हो गया। बनारस जाने वाली पंजाब मेल एक्सप्रेस प्रतापगढ़ प्लेटफार्म पर खड़ी थी। इस रूट की बाकी ट्रेनों को जहां तहां रोक दिया गया। घटना की जानकारी होने पर आला

पटरी से उतरी मालगाड़ी की जांच करते अफसर।

अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। राहत कार्य शुरू कर दिया गया था। एडीआरएम ने जांच के निर्देश दिए हैं।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी दोपहर करीब डेढ़ बजे के करीब मालगाड़ी बनारस रूट पर जाने के लिए प्रतापगढ़ स्टेशन छूटी। मालगोदम फाटक क्रास करने के बाद वह पूरी तरह से मेन लाइन में जा पाती। इसी बीच पीछे के दो वैगन झटके से पटरी से उतर गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो इसके बाद भी मालगाड़ी चली जा रही थी। उतरे हुए वैगन का चक्का ट्रैक की गिट्टी में घुसने से फंसकर घूम गया और काप्लिंग खुलने से वे मालगाड़ी से अलग थलग हो गए। जानकारी होने पर ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी। दुर्घटना की जानकारी होने पर घटना से जुड़े रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। रेलवे सुरक्षा बल के अलावा ट्रैक, वैगन और सिग्नल के कर्मचारी मौके पर आकर वैगन को हटाने के काम में तत्परता से लग गए। जिससे कि संचालन जल्द से जल्द शुरू कराया जा सके। वैगन उठाने वाली मशीनों को बुलाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पड़ताल चल रही है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि इसी स्थान पर एक साल पहले भी मालगाड़ी का वैगन पलट गया था। हादसे के वक्त वैगन से अनाज उतारा जा रहा था। ट्रक की टक्कर लगने से वैगन दूसरे ट्रैक पर आ गया था। बता दें कि हादसे में वैगन के टूटने, सिग्नल बॉक्स के साथ अन्य उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने से रेलवे को लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। बता दें कि पटरी से उतरी मालगाड़ी को ठीक करने में सुर्खी साइडिंग की ओर जाने वाली दलदल सड़क रोड़ा बनी रही। बारिश होने से पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। यह स्थिति काफी दूर तक है। इससे राहत कार्य में लगे रेल स्टाफ को काफी दिक्कत आ रही थी।

गड़बड़ी को खोजने में जुटा महकमा, लगने लगे कयास

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिस वजह से ऐसा हुआ। उस वजह को खोजने में अधिकारी जुट गए हैं। सब अपने नजरिए से इसको देख रहे हैं। कोई ट्रैक की गड़बड़ी बता रहा है, कोई यार्ड में स्पीड अधिक होने से वैगन उतरने की वजह बता रहा है। वैगन का चक्का जाम था इसलिए ऐसा हुआ। इसकी भी चर्चा होती रही। फिलहाल दुर्घटना का सही कारण जांच के बाद ही पता चलेगा। यह तो केवल लोगो की अपनी अपनी कयास बाजी है।

एडीआरएम ने दिए जांच के निर्देश

प्रतापगढ़। मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने को लेकर एडीआरएम अश्वनी श्रीवास्तव ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित करते अधिकारी।

प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किया गया प्रशस्ति पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। फायर स्टेशन संग्रामगढ़ के कैम्पस में एक सप्ताह का अग्निसचेतक कोर्स करने वाले नौजवानों को अग्निशमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय एवं फायर स्टेशन संग्रामगढ़ के प्रभारी बालकिशन दूबे ने प्रशस्ति पत्र वितरित कर उत्साहवर्धन किया। एएसआई राधेश्याम दूबे ने अग्नि सूरछा विषय पर व्याख्यान देकर फायर ड्रिल, मॉक ड्रिल कराकर प्रषिक्षित किया तथा बारी बारी से सभी अग्नि सचेतकों ने भी आग बुझाने का अभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में प्रषिक्षणार्थियों ने क्लास टीचर फायरमैन संजय सिंह यादव को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

गंगा स्नान को आए तमिलनाडु के वृद्धजन बिछड़कर पहुंचे प्रतापगढ़

वृध्दजनों को वस्त्र व टिकट आदि देकर उनके घर पहुंचाने की की गई कोशिश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। तमिलनाडु से प्रयागराज स्नान को आये वृद्धजन प्रयागराज में एक वृध्द कमलाम्मा भटक कर प्रतापगढ़ आ गई थी। वह चैक में भटक रही थी वहां से उनको वृद्धाश्रम लाया गया। वहां उनसे नंबर लेकर प्रयागराज में बिछड़ी दो वृद्ध माताओं को वृद्धाश्रम महुली लाया गया।क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल

वृद्धजनों से मिलते क्लब के पदाधिकारी।

उमरवैश्य ने सभी वृद्ध माताओं को अंग वस्त्र देकर मनोबल बढ़ाया और उनके घर तमिलनाडु बात करवा कर टिकट की व्यवस्था करा कर भोपाल भिजवाया गया। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि वृद्ध माता जो तमिलनाडु के मदुरई में मीनाक्षी मंदिर के पास की रहने वाली हैं।

यह तीन माताएं प्रयागराज गंगा स्नान के लिए आई थी वहां से भटक कर प्रतापगढ़ आ गई थी। जिन्हें वृद्धाश्रम लाया गया था उनके पास फोन था उसी से उनसे बिछूड़ी माताओं से बात कर प्रयागराज से उन्हें भी वृद्धाश्रम लाया गया। यहां पर तीनो माताओ कमलांबा, राजाअम्मा नागाम्बा तीनो को टिकट आदि की व्यवस्था कर भोपाल भेजा जा रहा है वहां पर उनके घर वालों को बता दिया गया है वह वहां से आकर ले जाएंगे। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि इस कार्य में हमारे साथ वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद सिंह का भी सराहनीय योगदान रहा है।

विद्यालय के रसोई घर से चोरों ने उड़ाया गैस सिलेंडर

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर विकासखंड के रामपुर कसिहा प्राथमिक विद्यालय में रसोई घर की कुंडी काटकर अज्ञात चोरों ने गैस सिलेंडर उड़ा दिया। मंगलवार की सुबह शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो रसोई घर कुंडी टूटी देख दंग रह गए। घटना की सूचना प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुरभि शुक्ला ने उदयपुर पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

शहर के चार वार्डो में हुआ एंटी लार्वा का छिड़काव

सचांरी रोग नियंत्रण अभियान में प्रतिदिन होगी फागिंग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज मंगलवार को शहर के चार वार्डों पड़ाव वार्ड, अजीत नगर, अस्पताल वार्ड व बेगम वार्ड में नगर पालिका द्वारा नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया तथा पड़ाव वार्ड में देर शाम फागिंग की गई।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि

नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव करते सफाई कर्मी।

नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निर्देषन में बनाई गई कार्य योजना के तहत नाले-नालियों के किनारे उगी घासों की भी कटाई की जा रही है। इसके अलावा नगर पालिका ने फागिंग व एंटी लार्वा छिड़काव का रोस्टर बनाया है जिसके अनुसार प्रतिदिन दो वार्डों में फागिंग व चार वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा जिससे वर्षा ऋतु में मच्छरों का प्रकोप रोका जा सके। बता दें कि शासन के निर्देष पर नगर पालिका हर वर्ष एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाती है जिसके अनुपालन में नगर पालिका भी कार्य योजना बनाकर उसके अनुपालन में जुट गई है।

महिला को आरोपियों ने पीटकर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश के चलते एक महिला को आरोपियों ने पीटकर जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने अस्पताल में अपना इलाज कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव में पुरानी रंजिश के चलते वृद्ध महिला को लाठी-डंडों से उक्त लोगों द्वारा जमकर पिटाई कर दी गई जिससे वह घायल हो गई। वृद्ध महिला कोतवाली आई और नामजद आरोपियों खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव की रहने वाली प्रेमा देवी पत्नी राम उजागीर सरोज ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है, कि सोमवार की देर शाम गांव के पड़ोसी मेरे दरवाजे पर आए और बोले कि तुम्हारा बेटा कहां है उसे जान से मार दूंगा। वृद्ध महिला ने जब इसका विरोध किया तो पड़ोसी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसे लाठी डंडे से मारना पीटना चालू कर दिए इस दौरान हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोगों के आ जाने से किसी तरह उसकी जान बची फिलहाल इस मामले में पीड़िता ने मंगलवार की सुबह कोतवाली आकर नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है, पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

किशोरी के अपहरण का केस

लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। लालगंज के असरही निवासी राममनोहर सरोज पुत्र कालीदीन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पांच जुलाई को उसकी सोलह वर्षीया पुत्री घर से निकली। देर शाम तक उसकी बेटी घर नहीं लौटी। पीड़ित ने बेटी के साथ अप्रिय वारदात की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

बकरी चोरी करने आए चोरों को ग्रामीणों ने दौड़ाया

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र में बकरियों की चोरी होने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है चाहे दिन हो या रात बिना किसी डर भय के चोर बकरियों को बेलेरो पर लादकर कर उठा ले जा रहे हैं ऐसे में कई घटनाएं क्षेत्र में हो चुकी है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के ढ़ढ़ार गांव निवासी राजकुमार सरोज पुत्र बेनी प्रसाद सरोज अपने परिवार के संग सोमवार की रात सो रहा था कि घर के बगल बने छप्पर की पशुशाला में खूंटे से बंधी बकरियों को पांच अज्ञात चोर पहुंचे बकरियों के पैर रस्सी बांधकर कंधे पर उठाकर अमापुर नहर के किनारे स्थित प्राइमरी पाठशाला ले गए। अपने वाहन का इंतजार कर रहे नहर के पटरी पर खड़े चोरों को अचानक गांव का ही एक व्यक्ति ने देख लिया हल्ला गुहार करने पर चोर नहर कूदकर भागने लगे ग्रामीणों ने पीछा किया तो अंधेरे का फायदा उठाकर चोर मौके से भागने में सफल हो गए इस तरह की घटनाओं से पशुपालकों में अपने पशुओं को लेकर चिंता बढ़ी हुई है रात में ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। इस मामले की सूचना पीड़ित ने आसपुर देवसरा पुलिस को नहीं दी है।

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को दी गई नकद सहायता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार मोहनगंज विक्रमपुर मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल 04 व्यक्तियों जिनका ईलाज स्वरूप रानी मेडिकल कालेज प्रयागराज में चल रहा है, वहां पर तहसीलदार न्यायिक एवं सीएमओ के प्रतिनिधि की उपस्थिति में रेडक्रास सोसायटी द्वारा 25-25 हजार रुपए नकद क्रमशः अकबाल बहादुर सिंह पुत्र स्व0 राम बहादुर सिंह, विमला पत्नी रामराज, सतीश कुमार तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश तिवारी व अनुभव मिश्रा पुत्र पितृ देव मिश्रा के आश्रितों को ईलाज हेतु सहायता राशि उपलब्ध करायी गयी।

सड़क हादसे में मृतकों को अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

संकट मोचन धाम कलेक्ट्रेट परिसर में जताया गया शोक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। संकट मोचन धाम कलेक्ट्रेट परिसर प्रतापगढ़ में मंगलवार को मोहनगंज में हुए भीषण सड़क हादसे में मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का शोक करके मृतक व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें प्रमुख रूप से जूनियर बार के पूर्व महामंत्री जयप्रकाश मिश्रा, पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह, बाबा लहरी, महाराज

कलेक्ट्रेट परिसर में शोक जताते अधिवक्तागण।

एडवोकेट, विनय सिंह, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह भोले, दिवाकर सिंह, आशीष श्रीवास्तव, विजय कांत मिश्रा, अंकुर मौर्य, शिवम सिंह, प्रशांत दुबे, प्रीतम शुक्ला, गंगेश सिंह, धनंजय सिंह, मनोज कुमार, दिव्यंत सिंह, सुशील दुबे, सद्दाम, उत्तम सिंह, राहुल गुप्ता, सचिंद्र सिंह, अमजद खान, अनिल सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित थे। उधर लालगंज में अधिवक्ताओं ने मंगलवार को शोक सभा कर पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना जतायी। अधिवक्ताओं ने आम सभा में हादसे मे मृतकों तथा घायलों के परिजनों को सरकार से समुचित मुआवजा अविलम्ब प्रदान किये जाने का प्रस्ताव पारित किया। वकीलों ने शोक प्रकट करने के बाद न्यायिक कामकाज से अपने को विरत रखा। सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी तथा उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह की अगुवाई मे वकीलों ने पारित प्रस्ताव एसडीएम लालधर सिंह यादव को सौंपा। इस मौके पर राममोहन सिंह, टीपी यादव, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, संदीप सिंह, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, शहजाद अंसारी, रमेश पाण्डेय, राव वीरेन्द्र सिंह, शिव नारायण शुक्ल, अनूप पाण्डेय, राकेश शुक्ल, विजय प्रकाश त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, केबी सिंह, राजेन्द्र मिश्र, विनोद शुक्ला, विनोद मिश्रा, शिवाकान्त उपाध्याय आदि अधिवक्ता रहे।

एलायंस क्लब ने हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब की एक बैठक क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मोहनगंज में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सभी मृतक के परिवार वालों को ईश्वर सहन शक्ति दे और मृतक आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। क्लब के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इस हादसे में 12 परिवार उजड़ गए हैं इन सभी परिवारों को फिर से समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से हर तरह की सहायता की मांग की। इस अवसर पर संजय खंडेलवाल, दयाराम मौर्य, राजीव कुमार आर्य, छेदीलाल, सुरेश अग्रंवाल, देवानंद, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

लायंस क्लब हर्ष द्वारा किया गया पौधरोपण

आवास पर पौधरोपण करते क्लब के पदाधिकारी।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष द्वारा नए सत्र के वृक्षारोपण की शुरूआत सुदूर ग्रामीण अंचल गोकुला ग्राम मांधाता से की गई यहां लायन आशुतोष त्रिपाठी के आवास पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए आभूषण से भी अधिक मूल्यवान है, क्योंकि बिना आभूषण के हम जिंदा रह सकते हैं लेकिन बिना ऑक्सीजन के एक पल भी रहना मुश्किल हो जाएगा। कोषाध्यक्ष लायन अरविंद सिंह ने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्रों से भी बढ़कर है। इस अवसर पर लायन आशुतोष त्रिपाठी, क्षितिज श्रीवास्तव, डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा, कमलाकांत त्रिपाठी,संगम लाल त्रिपाठी आजाद, संतोष भगवन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रामपुर खास में होगा वृहद पौधरोपण अभियान

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। वृहद पौधरोपण अभियान के तहत रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में आगामी सोलह जुलाई से गांव गांव पौध रोपित किये जाएंगे। वहीं सदभावना सभा के दिन नगर पंचायत मे विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आगामी पन्द्रह एवं सोलह जुलाई को पार्टी स्तर पर विविध सामाजिक जागरूकता के भी कार्यक्रम किये जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया। इस मौके पर नपं चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय, सुधाकर पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल, हगपाल यादव आदि रहे।

बाबा घुइसरनाथ में मंगलवार के परम्परागत मेले में उमड़े शिवभक्त

अखंड भारत संदेश

दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन पूजन को लेकर भी दिखा उत्साह

लालगंज, प्रतापगढ़। श्रावण माह को लेकर मंगलवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में परम्परागत मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी दिखी। कांवडिया श्रद्धालुओं ने भी बाबा का जलाभिषेक कर मत्था टेका। वहीं मंगलवार के दिन मंदिर परिसर में दक्षिणमुखी हनुमान जी महराज का दर्शन करने में भी श्रद्धालुओं को भारी उत्साह मे देखा गया। सुबह से ही हर हर महादेव तथा जय बजरंग बली से बाबा धाम पूरे दिन गूंजता रहा। मंगलवार को भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस व प्रशासन को भी श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन को लेकर खासे अलर्ट मे देखा गया। वहीं कांवड़िया श्रद्धालुओं ने बाबा धाम के सई उस पार करील वृक्ष का भी दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगी। सई नदी का जलस्तर धीरे धीरे बढ़ने के कारण सई में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस व प्रशासन खतरे के निशान को लेकर जागरूक भी करता दिखा। सई के जलस्तर बढने के कारण ज्यादातर कांवडिया श्रद्धालुओं को धाम स्थित पवित्र गंगा सागर में स्नान करते देखा गया। मंदिर परिसर में श्री रूद्राभिषेक में भी श्रद्धालु आस्थामय दिखे। वहीं ऊँ नमः शिवाय के सामूहिक जाप में भी श्रद्धालु शिव आराधना मे रमे देखे गये। धाम में लोगों ने भगवान शिव को पूड़ी हलुवा का भोग लगाया। चैकी इंचार्ज राजेश शुक्ला के साथ भारी फोर्स बाबा धाम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मशक्कत करते दिखा।

आज आएंगे प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय व प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल 12 जुलाई को दिन में ढाई बजे पीडब्ल्यूडी डाक बंगले आएंगे। यहां पर व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। यह जानकारी व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने दी।

फाफामऊ-ऊंचाहार रेल लाइन के दोहरीकरण की रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। रेलवे ट्रेन मे सफर के दौरान यात्रियों को ट्रेन के क्रांसिंग के समय ज्यादा समय लगने व ट्रेन के लेट लतीफ को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने फाफामऊ-ऊंचाहार के बीच रेलवे ट्रैक के दोहरी करण की रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। जिससे ऊंचाहार व फाफामऊ के बीच लगभग 70 किलोमीटर का सफर एक घंटे मे आसान हो जायेगा।

इस बाबत जानकारी करने पर उत्तर रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि फाफामऊ व ऊंचाहार के बीच रेलवे ट्रैक के दोहरी करण की रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है जिसका सर्वे भी शुरू हो गया है। रेलवे ट्रैक के दोहरी करण होने से ट्रेने लेट लतीफ नही होगी और सफर मे ज्यादा समय नही लगेगा इस योजना में अनुमोदित लागत लगभग आठ सौ करोड़ रुपया है।फाफामऊ व ऊंचाहार के बीच पड़ने वाले स्टेशन अट रामपुर, रामचैरा रोड़, लालगोपालगंज, भद्री,कुंडा ,मानिकपुर, परियावां व ऊंचाहार पड़ता है जिसमे ऊंचाहार एन टी पी सी के बनारस के लिए कोयले की चार मालगाड़िया अप डाउन करती है जिससे एक्सप्रेस ट्रेनों के क्रासिंग के दौरान ट्रेन लेट हो जाती है।यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जनवरी 2024 से फाफामऊ व ऊंचाहार रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो जायेगा।रूट पर पड़ने वाले स्टेशनो का सौंदर्यीकरण भी होगा। रायबरेली से लखनऊ रूट पर रेल लाइन का दोहरी करण पुरा हो गया है जो अब रायबरेली से ऊंचाहार तक रेल लाइन की दोहरी करण की मंजूरी रेलवे बोर्ड की मंजूरी होने पर सर्वे शुरू होगा जिससे लखनऊ वाया रायबरेली ऊंचाहार कुंडा होते हुये फाफामऊ प्रयागराज जंक्सन स्टेशन तक दोहरी करण लाइन पुरी तरह तैयार हो जाएगी जिससे ट्रेन की स्पीड भी बढ़ जाएगी रेल विभाग और भी एक्सप्रेस ट्रेन सांसदों की मांग पर पटरी पर दौड़ा सकता है। वही रेलवे कोच लालगंज से नयी कोच बनकर वहाँ से गुजरती रहती है। रेलवे लाइन का दोहरी करण होने से स्थानीय लोगो मे उत्सुकता देखने को मिल रही है लोग क्यास लगा रहे है तो दोहरी करण ट्रैक हो जाने से बॉम्बे की भी ट्रेन इस पटरी पर दौड़ सकती है जिसका स्टापेज होने से ट्रेन मे सफर करने वाले यात्रियों को सीधी ट्रेन मिल जाएगी। क्योंकिं परियावां मानिकपुर व कुंडा स्टेशन से बम्बई जाने आने के लिए लोगो को प्रयागराज व छिवकी स्टेशन जाना पड़ता है उक्त स्टेशन से प्रतिदिन बम्बई के लिये सैकड़ो सवारिया निकलती है।

शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी : डीएम

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रावण मास में कॉवड़ यात्रा एवं मोहर्रम त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में श्रावण मास में कॉवड़ यात्रा एवं आगामी त्यौहार मोहर्रम को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं जनपद के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी एसडीएम, सीओ एवं थाना प्रभारियों से श्रावण मास में कॉवड़ यात्रा एवं मोहर्रम त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही यथा-पीस कमेटी की बैठक, ताजिया मार्गों का निरीक्षण एवं पाबन्द की कार्यवाही आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओ सुझावों को प्राप्त करते हुए कहा कि श्रावण मास में कॉवड़ यात्रा एवं मोहर्रम त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को कावड़ यात्रा मार्गों एवं ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सम्वेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाय, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक पाबन्द की कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी ई0ओ0 को अपने-अपने नगर क्षेत्र में ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर मार्गो को ठीक कराने एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने क निर्देश दियें। उन्होंने डीपीआरओ से कहा कि जिन-जिन ग्राम पंचायतों में ताजिया रखी जाती है, उन सभी ग्राम पंचायतों में एवं सभी शिवालयों में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को ताजिया मार्गो पर ढीले विद्युत तारों को ठीक कराने के निर्देश दियें, ताकि कोई अप्रिय घटना होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने जे0ई0 की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जे0ई0 आमजन की फोन अवश्य उठायें। उन्होंने उप मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी सी0एच0सी0 वार चिकित्सको की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सहायक अभियंता, जल निगम से कहा कि ठेकेदारों को निर्देशित किया जाय कि पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को ठीक करा दिया जाय, अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दिया जाय। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई समस्या आती है तो पुलिस अधीक्षक या उन्हें तत्काल अवगत कराया जाय। उन्होंने कहा कि ताजिया सुरक्षा समिति बना लिया जाय। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उन्हें तत्काल अवगत करायें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दिया जाय। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रहीं है। कोई भी गैर परम्परागत गतिविधि न किया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियां से कहा कि ताजिया मार्गों का निरीक्षण कर पूर्व से ही सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि कॉवड़ियां एवं ताजियादारों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडेगा, पुलिस हर वक्त मुस्तैदी से उनके साथ खड़ी रहेंगी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ विश्राम, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, सभी उप जिलाधिकारीगण एवं सभी क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

बोल बम के नारे के साथ सोमवार को बाबा बैजनाथ के लिए रवाना हुए कांवरिये

हर्रायपुर कौशाम्बी। सावन महीना शुरू होते ही बाबा भोलेनाथ के भक्त कांवरिया शिव भक्ति में लीन है कांधे पे कांवर लिए भक्त बाबा का जयकारा लगाते जलाभिषेक के लिए बैजनाथ धाम यात्रा पर निकल रहे हैं जिले के विभिन्न क्षेत्र से बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों का बड़ा जत्था प्रतिदिन रवाना हो रहा है सावन महीने में पूरा जिला शिव भक्ति में लीन है बोल बम का नारा है बाबा तेरा सहारा है जैसे भक्ति गीतों के साथ नगर गूंज रहे हैं सावन के प्रथम सोमवार को काजू चरवा बाजार सहित क्षेत्र से बोल बम के नारे के साथ सैकड़ों कावड़िया बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए बाबा बैजनाथ धाम जल चढ़ाने जा रहे कांवरियों का बाजा गाजा के साथ बाजार गांव के लोगों ने स्वागत किया है इस समय पूरा क्षेत्र शिव भक्ति में लीन हैं।

सावन के सोमवार मेले में कड़ा धाम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यवाही

कौशाम्बी। कड़ा स्थित शीतला धाम मंदिर में 10 जुलाई को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जागरूकता एवम खाद्य पदार्थो का परीक्षण का कार्य किया गया। चलित प्रयोगशाला एफएसडब्ल्यू द्वारा स्थानीय दुकानों से लगभग 20 खाद्य नमूनों की जांच की गई। नमूनों के अधोमानक पाए जाने पर खाद्य कारोबार कताओं को कड़ी चेतावनी दी गई। इस अवसर पर खाद्य कारोबार कताओं तथा बड़ी संख्या में उपस्थित उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। दुकानदारों को रंग और केनको पाउडर के प्रयोग के प्रयोग सम्बन्धी सख्त चेतावनी दी गई। उपर्युक्त कार्यवाही सहायक आयुक्त खाद्य(।।) शशि शेखर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाब उद्दीन सिद्दीकी द्वारा की गई।

डायट में विश्व जनसंख्या दिवस का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर कौशांबी में 11 जुलाई को उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य विपुल शिव सागर की अध्यक्षता में निदेशक एससीईआरटी लखनऊ के आदेश के अनुपालन में माहवार वार्षिक कैलेण्डर की गतिविधियों कार्यक्रम में 11 जुलाई को "विश्व जनसंख्या दिवस" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। उक्त प्रत्येक प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं को डायट प्राचार्य कौशांबी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव ,प्रवक्तागण नारेंद्र कुमार कौशलेंद्र मिश्र, डॉ0 देवेश सिंह यादव धीरज कुमार दिनेश कुमार यादव ए0 के0 सिंह सहित सभी प्रवक्ता एवम् शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

सुनील कुमार मिश्रा ने नगर पालिका परिषद भरवारी में ग्रहण किया कार्यभार

कौशांबी वर्तमान में इटावा जनपद के भरथना नगर पालिका परिषद में कार्यरत अधिषासी अधिकारी सुनील कुमार मिश्रा को नगर विकास अनुभाग चार के विशेष सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर पालिका परिषद भरवारी में स्थानांतरण आदेश जारी किया है विशेष सचिव का स्थानांतरण आदेश मिलने के बाद सुनील कुमार मिश्रा नगर पालिका परिषद भरवारी पहुंचे उन्होंने मंगलवार की सुबह विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है इस दौरान नवागत अधिशासी अधिकारी का लोगों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया है कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना है और कर्मचारियों से परिचय किया इस दौरान उन्होंने विभागीय स्थितियों की समीक्षा की और कर्मचारियों से कहा कि शासन के निर्देशानुसार पारदर्शी तरीके से नगरपालिका के कार्यो का संचालन किया जाए उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा उपलब्ध रहेंगे नगर क्षेत्र की जनता को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए जनसामान्य की आसुविधाओं को दूर किया जाएगा बताते चलें कि सुनील कुमार मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर में इसके पूर्व तैनात रह चुके हैं और मंझनपुर से इनका स्थानांतरण इटावा जनपद के भरथना नगरपालिका में किया गया था जहां से सुनील कुमार मिश्रा को कौशांबी स्थानांतरित कर दिया गया है।

चोरों ने पार किया जेवरात समेत 22 हजार नगद

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के बहादुरपुर में आधी रात को सेंधमारी कर मजदूर के घर में रखा सोने चांदी का जेवर और नगद रुपए चोर पार कर दिए हैं मामले की जानकारी होने के बाद परिजनों ने घटना की तहरीर पुलिस को दिया है लेकिन पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के बहादुरपुर मजरा में रंजीत कुमार पुत्र शिवलाल के घर में करीब डेढ़ बजे रात चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध कर के घर के अंदर रखें सोने चांदी के जेवरात समेत 22 हजार रूपए नगदी उठा ले गए। रंजीत कुमार सोमवार को बाबाधाम कांवर लेकर वापस गया था और रात में बच्चो सहित घर की छत पर सो रहा था देर रात में चोरों ने मौका देख कर रंजीत के घर में सेंध कर चोरी कर रहे थे। घर के अन्दर आवाज सुनकर रंजीत की पत्नी की आंख खुली तो रंजीत को जगाने गई और जब तक शोर गुल सुनकर चोर घर से निकल कर भाग गए। मामले की सूचना चरवा थाना में दर्ज कराई।

राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार नामांकन अन्तिम तिथि 15 जुलाई

कौशाम्बी भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार 2023 के लिए शिक्षकों द्वारा स्वनामांकन/रजिस्ट्रेशन अपलोड करने के लिए वेब पोर्टल विकसित की गई है, जो दिनांक 23 जून से प्रभावी है और इसके लिए अन्तिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित है। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानन्द यादव ने देते हुए जनपद के सभी प्रधानाचार्य/शिक्षकगण माध्यमिक विद्यालय को निर्देशित किया है कि राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए स्वयं नामांकन/रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही समयबद्ध रूप से करें।

रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई को

कौशाम्बी जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 15 जुलाई को एमवीआईटी कालेज, कोइलहा के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आईटीआई/नॉन आई0टी0आई0 एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ प्रातः 10.30 बजे प्रतिभाग कर योजना का लाभ प्राप्त सकतें हैं। उन्होंने यह भी बताया कि साथ ही पूर्व में आई0टी0आई0/डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी रोजगार मेले में अपने समस्त मूल शैक्षिक अभिलेखों के साथ उपस्थित हों ताकि उनका पंजीयन रोजगार मेला परिसर में कैम्प लगाकर सेवामित्र के रूप में किया जा सकें, जिससे उनको जनपद के सेवाप्रदाता के माध्यम से अपने जनपद में ही रोजगार प्रदान किया जा सकता है।

डीजीपी के आदेश का कौशांबी में नहीं हो सका पालन

कौशांबी। पुलिस महकमे में फेरबदल करते हुए डीजीपी ने 4 महिला सिपाहियों समेत नौ पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण 8 दिसंबर 2022 को कौशांबी से प्रयागराज कमिश्नरेट किया था डीजीपी के स्थानांतरण आदेश में 7 महीने बाद भी पीयूष कुमार सहित कई सिपाही अभी तक कौशांबी से स्थानांतरित नहीं हुए हैं डीजीपी कार्यालय द्वारा जारी किए गए स्थानांतरण सूची के मुताबिक कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में फेरबदल किए गए थे पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कौशांबी जिले के विभिन्न थानों में तैनात महिला सिपाही रानी सिंह गुड्डी सिंह प्रीति नीतू कुमारी सहित सिपाही उमेश कुमार नंदन सिंह यादव रामआसरे राम सिंह पीयूष कुमार का कौशांबी जनपद से स्थानांतरण करते हुए प्रयागराज जिले के कमिश्नरेट में भेजा गया था लेकिन 7 महीने बाद भी आदेश का पूरा पालन नहीं हो सका है।

एक बार फिर दिखा रफ्तार का कहर

अज्ञात ट्रक ने मोपेड सवारों को रौंदा,एक की दर्दनाक मौत, दूसरा गंभीर घायल

राष्ट्रीय राजमार्ग बना मौत का कुंआ प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाएं

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली के अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां एक मोपेड सवार को अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया जिससे मोपेड में पीछे बैठे व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई वहीं मोपेड वाहन चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी कागजी कोरम पूरा करने में जुट गए हैं। मामला नगर पंचायत अझुवा के राष्ट्रीय राजमार्ग का है यहां आज मंगलवार दोपहर करीब 3:00 बजे सुनील कुमार विश्वकर्मा उम्र तकरीबन 45 वर्ष पुत्र मदनलाल विश्वकर्मा एवं वीरेंद्र कुमार यादव उम्र तकरीबन 42 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र यादव निवासी ग्राम सभा घींसा पुर के मजरे सलेमपुर गोली थाना खागा जिला फतेहपुर से नगर पंचायत अझुवा की तरफ आए थे टांडा मोड़ से थोड़ी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कानपुर की ओर से प्रयागराज की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दिया मोपेड सवार दोनो युवक सड़क पर गिर गए जिससे ट्रक मोपेड सवारों को रौंदता हुआ फरार हो गया, वीरेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर लोगों का मजमा लग गया। मोपेड चालक सुनील को मौके पर पहुंचे राहगीरों ने एंबुलेंस के माध्यम से इलाज हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक बड़ी स्पीड में था कुछ आगे जा रहा ईरिक्सा उसके जद में आने से बाल बाल बच गया अन्यथा वीभत्स हादसा हो जाता, दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कार्रवाई में जुट गई है परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए थे मृतक की पत्नी विद्या देवी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है,मृतक किसानी और मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था मृतक के एक पुत्री अनामिका देवी 18 वर्ष व 2 नाबालिग पुत्र यश 11वर्ष,सिद्धार्थ 6 वर्ष हैं। परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।

कैंसर पीड़ित युवक की दो टुकड़े में रेल लाइन के पास मिली लाश

अखंड भारत संदेश

लंबे समय से कैंसर पीड़ित युवक का भोजन पानी बंद हो जाने के बाद चलने में असमर्थ था युवक

चलने में असमर्थ युवक की रेल लाइन पर मौत के बाद छूटे कई अहम सवाल

भरवारी कौशांबी। लंबे समय से कैंसर जैसे घातक बीमारी से ग्रस्त एक युवक की हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के भरवारी रेलवे स्टेशन के पास चमन्धा गांव के सामने रेल लाइन पर दो टुकड़े में लाश मिली है परिजनों का कहना है कि बीमारी से ग्रस्त युवक ने रेल लाइन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया है जिससे युवक का शव दो टुकड़े में कट गया है घटना सोमवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे की बताई जाती है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं चारों ओर कोहराम मचा हुआ है बताया जाता है कि राजस्थान के कैंसर अस्पताल में इलाज चल रहा था जहां से 30 जून को डाक्टरों ने जवाब भी दे दिया था। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गडडिया का पुरवा गांव निवासी गुड्डू उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र देश राज पाल लंबे समय से कैंसर की गम्भीर बीमारी से ग्रसित थे भयंकर बीमारी के चलते उनका भोजन पानी भी बंद हो गया था नली के सहारे तरल पदार्थ उनके शरीर में पहुचाया जा रहा था अधिक कष्ट से पीड़ित गुड्डू चल फिर भी नहीं पा रहे थे और हमेशा बिस्तर पर पड़े रहते थे लेकिन अचानक सोमवार की शाम को वह घर से लापता हो गए गांव के लोगों का कहना है कि गुड्डू को संभावित स्थान पर काफी खोजबीन की गयी लेकिन उसका सुराग नहीं लगा पुलिस को जानकारी मिली कि कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन के पास चमन्धा गांव के सामने रेल लाइन पर एक युवक की दो टुकड़ों में कटी हुई लाश पड़ी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वायरल खबर और फोटो के बाद परिजनों ने गुड्डू की पहचान की गुड्डू के नाक में नली लगी हुई थी जानकारी मिलते ही मंगलवार की सुबह परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे पुलिस ने बताया कि लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है पुलिस से जानकारी मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए हैं घर में कोहराम मचा हुआ है।

प्रदेश अध्यक्ष के सामने जिलाध्यक्ष के विरोध में जमकर मुखर हुए कांग्रेसी

अखंड भारत संदेश

कांग्रेसियों ने कहा कि दूसरे जनपद के रहने वाले कांग्रेस कौशांबी जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी पार्टी की स्थितियों का जायजा लेने मंगलवार की दोपहर जिले के भरवारी कस्बे के रोही पहुंचे जहां तमाम कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया और इस दौरान कौशांबी के तमाम कांग्रेसी नेता जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी के विरोध में जमकर मुखर हुए कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी को एक पत्र देते हुए कहा कि जिले से बाहरी व्यक्ति जिले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाया गया है बाहरी व्यक्ति मंजूर नहीं होगा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रयागराज में रहकर कौशांबी का कार्य करने वाले अरुण विद्यार्थी जिलाध्यक्ष को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कौशांबी कांग्रेस संगठन की बैठक कभी कौशांबी जनपद मुख्यालय में नहीं होती है इलाहाबाद में रहकर कौशांबी संगठन चलाया जाता है जिससे कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता पदाधिकारियो ने बैठक में उपस्थित होना बंद कर दिया है कांग्रेसियों ने कहा कि अरुण विद्यार्थी को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इन्हें कौशांबी के जिला अध्यक्ष पद से हटाया जाए इस दौरान राजेंद्र त्रिपाठी मुस्ताक अहमद सत्येंद्र प्रताप सिंह आशीष कुमार पप्पू मिश्रा देवेश श्रीवास्तव दिनेश कुमार बेदी मनोज कुमार मनोज पटेल बरसाती लाल पंडा सतीश प्रसाद त्रिपाठी राजकुमार यादव सत्य प्रकाश त्रिपाठी कौशलेश द्विवेदी राजनारायण पासी नकुल दिवाकर विनोद सहित तमाम लोगों ने जिला अध्यक्ष का मुखर विरोध करते हुए उन्हें पद से हटाए जाने की मांग की है।

जेठ देवर ने परिजनों संग मिल महिला और उसके पति को लाठियों से पीटा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के चरवा दक्षिण थोक में एक महिला और उसके पति को महिला के जेठ देवर ने अपने परिवार के साथ मिलकर बेरहमी से पीट दिया है जिससे दंपत्ति को चोटे आई हैं घटना सोमवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे की है घायल दंपत्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है दंपत्ति ने मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के दक्षिण थोक चरवा की रहने वाली नीता सरोज पत्नी आकाश सरोज सोमवार की रात्रि 10:00 बजे बिजली चले जाने के चलते अपने दरवाजे के बाहर अपने पति के साथ बैठी थी अचानक उसके देवर विकास मुकेश रोहित वा जेठ प्रकाश मांसा देवी सोमवती व ससुर नरेश के साथ महिला नीता देवी के साथ पास पहुंचे और नीता को गाली गलौज करने लगे जब महिला ने विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने नीता और उसके पति को लाठियों से बेरहमी से पीट दिया है जिससे नीता और उसके पति को गंभीर चोटें आई हैं हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे बीच-बचाव किया तब दंपत्ति की जान बच सकी है हमले में घायल दंपत्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

दबंगों ने दलित नाबालिग बालिका को बेरहमी से पीटा

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के पिण्डरा सहावन पुर गांव में 10 जुलाई की शाम को दलित नाबालिग बालिका खेतों में काम कर रही थी इसी बीच गांव के दबंग अमीन पुत्र सलीमुद्दीन वा खुर्शीद पुत्र रशीद अली बालिका के खेत पर पहुंचे और दोनों दबंग बेवजह बालिका को गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए दबंगों ने बालिका का हाथ पकड़कर खींचते हुए कहा कि एक दिन तुझे जबरिया उठा ले जाएंगे किसी तरह से दबंगों के चंगुल से छूट कर दलित नाबालिग बालिका घर पहुंची पीड़ित बालिका ने मामले की सूचना परिजनों को दी है बालिका के पिता द्वारिका प्रसाद पुत्र सूरजपाल पासी ने करारी थाना पुलिस को तहरीर देकर दबंगों पर कार्रवाई की मांग की है।

विधवा की जमीन पर देवर ने जबरिया किया कब्जा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर के मजरा तुरंती पुर गांव में पति की मौत के बाद विधवा महिला की जमीन पर उसके देवर और देवर के बेटो ने जबरिया कब्जा कर लिया हैं पति की मौत के बाद विधवा महिला के नाम जमीन राजस्व अभिलेखों में दर्ज है फिर भी विधवा महिला न्याय के लिए अधिकारियों की चौखट पर दौड़ रही है लेकिन उसके बाद भी महिला के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज जमीन पर महिला काबिज नहीं होने को पा रही है जिससे योगी सरकार के लचर कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव के मजरा तुरंती पुर गांव निवासी महिला फूल कली के पति सतीश चंद्र की मौत हो गई है सतीश चंद्र की मौत के बाद उसकी संपत्ति राजस्व अभिलेखों में विधवा फूल कली के नाम दर्ज हो गई लेकिन विधवा फूल कली अपने जमीन पर काबिज नहीं हो पा रही है महिला के देवर जवाहरलाल हीरालाल व उनके बेटों द्वारा विधवा महिला की जमीन पर जबरिया कब्जा कर लिया गया है जब महिला अपने हिस्से की जमीन पर पहुंचती है तो दबंग लाठी डंडा लेकर के महिला को खदेड़ देते हैं लगातार महिला अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए अधिकारियों के चौखट पर दौड़ रही है लेकिन पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी महिला के नाम दर्ज जमीन पर उसे काबिज नहीं करा पाए हैं। आतंक की हद तो तब हो गई जब महिला के पति की मौत के बाद उसके देवर ने महिला को गांव छोड़ने पर विवश कर दिया देवर के आतंक से परेशान विधवा महिला अपने पिता के घर अकबरपुर पिपरी में रहकर जीवन यापन कर रही है राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज होने के बाद भी महिला को उसके हिस्से की जमीन पर कब्जा न मिलने के बाद एक बार फिर कौशांबी जिले में योगी सरकार की कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ती दिखाई पड़ रही हैं लेकिन उसके बाद भी थाना तहसील से लेकर जिले तक के अफसर महिला को उसके जमीन पर काबिज नहीं करा सके हैं समस्याओं के समाधान के लिए थाना समाधान दिवस से लेकर तहसील समाधान दिवस तक का आयोजन करने का निर्देश योगी सरकार ने दिया है लेकिन थाना समाधान दिवस से लेकर तहसील समाधान दिवस केवल मजाक बनकर रह गया है बार बार पीड़ितों के दौड़ने के बाद न्याय नहीं मिल पाता है जांच और कार्यवाही के नाम पर पीड़ितों को परेशान किया जा रहा है अधीनस्थ अपने अधिकारियों को गुमराह करते हैं जिससे योगी सरकार की निष्पक्ष कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

यमुना में बाढ़ आने के बाद अवैध खनन की जांच शुरू कर बिभाग ने फिर की एक नई ड्रामेबाजी

अखंड भारत संदेश

अवैध खनन में माफियाओं से होने वाली बड़ी वसूली के बाद विभागीय अफसरो के चुप रहने से खड़े हुए बड़े सवाल हिस्सा

कौशाम्बी। खनन अधिकारी की लापरवाही और बालू माफियाओं से संलिप्तता के चलते पूरे वर्ष यमुना नदी के विभिन्न घाटों से अवैध बालू का बड़ा खनन होता रहा यमुना के घाटों से अवैध खनन को रोकने में पूरे वर्ष खनन विभाग के अधिकारी सफल नहीं हो सके आए दिन ओवरलोड वाहन थाने पुलिस चौकी में पकड़े जाते रहे लेकिन यमुना से हो रहे अवैध खनन रोकने में अफसर कारगर नहीं साबित हुए हैं खनन अधिकारी के कार्यालय में पूरे दिन बालू माफियाओं का जमावड़ा लगा रहता था इस बात की पुष्टि खनन विभाग का सीसीटीवी कैमरा कर रहा है जून के महीने में बरसात होने के बाद यमुना में बाढ़ आ गई है खनन स्थल तक पानी भर गया है अवैध तरीके से खनन किए गए स्थानों में पानी भर जाने के बाद बालू खनन से तैयार हुए गड्ढे समतल हो गए हैं जिससे अवैध खनन का सबूत नष्ट हो गया है लेकिन इसके बाद शातिर दिमाग रखने वाले खनन अधिकारी ने अवैध खनन की जांच शुरू करा दी है आखिर खनन अधिकारी के पास इतना शातिराना दिमाग कहां से आता है इन्हें शातिर दिमाग देने वाला इनका शातिर गुरु कौन है इन तमाम सवालों पर विभागीय अफसरों को जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन विभागीय अफसर भी शातिर खनन अधिकारी के कारनामों को गंभीरता से लेकर जांच करा कर इन्हें दंडित नहीं कर पा रहे हैं जिससे लगता है कि अवैध खनन में माफियाओं से होने वाली बड़ी वसूली में विभागीय अफसर हिस्सा बटवारा में शामिल है अवैध खनन के साथ-साथ एनजीटी के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए यमुना की बीच जलधारा से पोकलैंड मशीन और जेसीबी मशीन लगाकर पूरे वर्ष यमुना के तमाम घाटों से बालू का अवैध खनन होता रहा और खनन अधिकारी चैन की बंसी बजाते रहे जिससे यमुना नदी के विभिन्न घाटों से अवैध बालू खनन तो पूरे वर्ष नहीं रुक सका है और जब यमुना नदी में बाढ़ आने के बाद बालू के अवैध खनन का सबूत नष्ट हो गया तो शातिर खनन अधिकारी ने जांच कराए जाने का ड्रामा कर योगी सरकार को फिर गुमराह करना शुरू कर दिया है यदि यही जांच मार्च-अप्रैल मई के महीने में शुरू कराई जाती तो बालू के अवैध खनन में लगे कई बालू खनन माफिया जेल के सलाखों के पीछे होते करोड़ों के राजस्व का लाभ सरकार को होता और विभाग का खजाना राजस्व से भर जाता और अवैध खनन पर कुछ रोक लग जाती लेकिन अवैध तरीके से खनन करने वाले बालू माफियाओं के कारनामों को समय रहते जांच कराकर उन्हें दंडित कराना उनसे राजस्व की वसूली करने का प्रयास खनन अधिकारी ने नहीं किया है शातिर दिमाग के खनन अधिकारी के कारनामे की योगी सरकार ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो अवैध खनन में पूरे वर्ष खनन माफियाओं के साथ लिप्त खनन अधिकारी का जेल जाना तय है लेकिन क्या योगी सरकार में अवैध तरीके से यमुना नदी से हो रहे खनन की निष्पक्ष तरीके से शासन स्तर से जांच हो पाएगी या फिर भ्रष्टाचार में लिप्त रहकर अवैध खनन माफियाओं को बढ़ावा देने वाले खनन अधिकारी शातिराना चाल चलकर योगी सरकार और उनके अधिकारियों को गुमराह करते रहेंगे यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

संपादक की कलम से

महंगाई ईएमआई की लुका छिपी

बढ़ती महंगाई से कैसी होगी ईएमआई ? कैसा है यह लुका छिपी का खेल समझते हैं इस लेख से. हम सबको मालूम है रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई के दर का टारगेट 4 फीसदी किया हुआ था। पिछले कई महीनों से लक्ष्य से काफी ऊपर रहने के बाद महंगाई दर मई महीने में 25 महीने के निचले स्तर पर 4.25 फीसदी पर रही, जबकि बीते वर्ष के अप्रैल माल में यह 7.8 फीसदी तक पहुंच गयी थी. जब यह लगातार महंगाई से तय लक्ष्य से ऊपर जा रहा था तो केंद्रीय बैंक को अपना रेपो रेट रुपी नियमित अस्त्र चलना पड़ा और देखते ही देखते एक साल में ही रेपो रेट 2.5 फीसदी बढ़ कर 6.5 फीसदी हो गया. इससे एटक तो बढ़ गई लेकिन महंगाई पर वार हुआ, असर दिखा और वह कम होने लगी. बहुत दिन बाद खबर सुनने को मिली की खुदरा महंगाई दर 4.25 फीसदी तक आ गई है. चारों तरफ इसका स्वागत हुआ. रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भी संकेत दिया की चूंकि ब्याज दर और महंगाई साथ-साथ चलते हैं. इसलिए अगर इन्फ्लेशन टिकाऊ स्तर पर काबू में आ जाएगी और यह चार फीसदी के आसपास आती है तो ब्याज दर भी कम हो सकती है. लोगों ने सोचा चलो यदि कम नहीं हुई तो कम से कम बढ़ेगी नहीं इसके तो संकेत हो गए . लेकिन यह खुशी बहुत दिन नहीं रहे. चार दिन की चांदनी पर अंधेरा गहराने लगा जब दाल, सब्जी और टमाटर अदरक धनिया सबके दाम बढ़ने के खबर आने लगे. जो वित्त विशेषज्ञ कुछ दिन पहले सस्ते कर्ज की बात कर रहे थे अब यह मान रहे थे की दाम यदि ऐसे ही लगातार बढ़ते रहे तो सस्ते लोन की उम्मीद पर पानी फिर सकता है,. रिजर्व बैंक जो अभी कुछ दिन पहले सस्ते कर्ज का संकेत दे रहा था हो सकता है कि अपने नियमित अस्त्र का इस्तेमाल कर दे, क्यूंकि उसे इससे अन्य कोई और आसान विकल्प मिलेगा नहीं । मेरा भी ऐसा मानना है की मौसम और वैश्विक हालात को देखते हुए इन्फ्लेशन टारगेट को भी परिवर्तित कर देना चाहिए.

यह महंगाई जो आई है वह बेमौसम बदलाव और सप्लाई प्रभावित होने के कारण है लेकिन लग रहा है यह अब वित्तीय सप्लाई चेन को प्रभावित करके ही रहेगा. वैसे भी हमको मालूम है एटक और महंगाई एक ही दिशा में बढ़ते हैं। यदि महंगाई बढ़ती है तो पीछे पीछे इससे मुकाबला करने के लिए ब्याजदर बढ़ता है जिससे एटक बढ़ जाती है, लोग खुदरा खर्च कम करते हैं, मांग कम होती है, बाजार में तरलता कम होती है, तो महंगाई घटती है. और जब मुद्रास्फीति घटती है तो फिर ब्याज दर घटना शुरू होता है तो एटक भी घटती चल जाती है. महंगाई बनाम एटक का यह चक्र चलता रहता है.

अब आशंका यह है की यही स्थिति बनी रही ग्लोबल वार्मिंग, मौसम और सप्लाई चेन की स्थिति नहीं सुधरी तो कमर कसना पड़ेगा। देश के कई हिस्सों में सूखे की स्थिति बनी हुई है. देश में कृषि उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है और इसकी वजह से देश में महंगाई वृद्धि का दौर लंबा चल सकता है. वैश्विक स्तर पर अल नीनो यूरोप अमेरिका के आर्थिक संकट दिन प्रतिदिन रूस यूक्रेन की नई खबरें महंगाई को घटने देने में रोड़ा अटकाती रहेंगी. कुछ जानकारों का कहना है की आगे के महीनों में अलनीनो की संभावनाएं बढ़ गई हैं, इससे बारिश कम हो सकती है, इस बार तापमान भी कुछ ज्यादा रह सकता है, बारिश भी विलम्ब से आया है, सामान्य से थोड़ा कमजोर मानसून रहने और ज्यादा गर्मी बढ? से फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और देश के कुछ हिस्सों में सूखे का पैटर्न देखने को मिल सकता है ।

बिहार की राजनीति में जनता दल यू और राष्ट्रीय जनता दल के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है

अशोक भाटिया

बिहार में महागठबंधन के भीतर मतभेद का घड़ा क्या भर चुका है। इन दिनों लगातार जनता दल यू और राष्ट्रीय जनता दल के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। लगातार कोई न कोई मुद्दा लेकर जेडीयू और आरजेडी के नेता एक दूसरे के विरोध में अपनी-अपनी गदा भाजने में लगे हैं। हद तो यह है कि इस बार राजद सुप्रीमो के काफी करीबी नेता एमएलसी सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केंद्र में रखकर जनता के डोमेन में ऐसा सवाल रख डाला कि नीतीश कुमार के व्यक्तित्व की धज्जियां उड़ा दी।

वजह है बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन महागठबंधन की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आपा खोना। दरअसल इस बैठक में नीतीश कुमार जिस तरह से आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह पर बरसे, उसके बाद जनता दल यूनाइटेड और आरजेडी के बीच सबकुछ ठीक होने पर सवाल उठने लगे हैं।

दरअसल एमएलसी सुनील सिंह आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद परिवार के सबसे करीबी दो-चार लोगों में से हैं और लालू आवास 10, सर्कुलर रोड में उनकी एंट्री पर कोई रोक-टोक नहीं है। सुनील सिंह लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के मुंह बोले भाई भी हैं और हर साल राबड़ी देवी सुनील सिंह को राखी भी बांधती हैं। तेजस्वी यादव की जब 2021 में शादी हुई थी ,तब सुनील सिंह ने तेजस्वी और उनकी पत्नी को कई महंगे गिफ्ट भी भेंट किए थे। पिछले महीने 11 जून को जब लालू प्रसाद का जन्मदिन था तो उस मौके पर भी सुनील सिंह ने अपने आवास पर लालू परिवार के लिए जबरदस्त जश्न का आयोजन किया था जिसमें लालू का पूरा परिवार पहुंचा था और इस कार्यक्रम की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं।

अब ऐसे में जब नीतीश कुमार ने सुनील सिंह पर अपनी नाराजगी जताई है तो सवाल उठ रहे हैं कि क्या नीतीश और लालू में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है? दरअसल, आरजेडी कोटे से शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और उनके विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव केके पाठक के बीच जो तकरार देखने को मिली है, उसको लेकर नीतीश कुमार चंद्रशेखर पर काफी नाराज हैं। मामला इतना बिगड़ गया था कि चंद्रशेखर को आखिरकार लालू प्रसाद ने अपने आवास पर पिछले दिनों बुलाया था और पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद नीतीश कुमार को फोन करके चंद्रशेखर से मिलने के लिए और पूरे मामले का निपटारा करने के लिए कहा था। लालू के इस कदम से बिहार के राजनीतिक गलियारे में संदेश यह गया कि लालू यादव एक तरीके से सुपर सीएम की भूमिका में हैं और नीतीश कुमार को निर्देश दे रहे हैं।

इसी बीच चंद्रशेखर और के के पाठक के झगड़े में आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह भी कूद पड़े और उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर को इस्तीफा दे देना चाहिए। जिसके बाद फिर जनता दल यूनाइटेड नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने सुनील सिंह पर हमला और कहा कि उनकी बात की कोई वैल्यू नहीं है क्योंकि वह केवल पार्टी के नेता हैं। अशोक चौधरी ने आरजेडी के 15 साल के शासनकाल के दौरान जंगलराज का जिक्र करते हुए सुनील सिंह पर हमला बोला।

अशोक चौधरी के इसी बयान को लेकर एक बार फिर सुनील सिंह ने पलटवार किया और कहा कि अशोक चौधरी हर रोज पार्टी बदलते हैं और अशोक चौधरी को 1995 में सहकारिता नेता की हत्या का मामला भूलना नहीं चाहिए जिसमें उनका डायरेक्ट नाम आया था मगर लालू प्रसाद यादव ने उन्हें बचा लिया था। गौरतलब है कि सुनील सिंह के इसी बड़बोलेपन और अशोक चौधरी के खिलाफ आक्रमक रुख को लेकर नीतीश कुमार उनसे नाराज चल रहे थे और जब विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन महागठबंधन की बैठक हुई तो उनका गुस्सा सुनील सिंह पर फूटा और उन्होंने आरोप लगा दिया कि सुनील सिंह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ फोटो खिंचवाते हैं और उनके संपर्क में हैं। हुआ यूं कि पिछले दिनों सहकारिता को लेकर दिल्ली में बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शिरकत की थी। इसी कार्यक्रम के दौरान सुनील सिंह और अमित शाह की मुलाकात भी हुई थी और दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं जिसको लेकर नीतीश कुमार काफी नाराज दिखे और महागठबंधन की बैठक में सुनील सिंह को खूब सुनाया। मामला इतना बिगड़ गया कि तेजस्वी यादव को बैठक के दौरान सुनील सिंह के पास जाकर उन्हें शांत कराना पड़ा।

महागठबंधन की बैठक के तुरंत बाद फिर तेजस्वी के सरकारी आवास 5, देशरत्न मार्ग पर भी आरजेडी विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें लालू यादव और तेजस्वी भी शामिल थे। इस बैठक के बाद सुनील सिंह के तेवर ढीले पड़ गए और उन्होंने कहा कि वह अब किसी प्रकार की बयानबाजी नहीं करेंगे जैसा कि उन्हें लालू यादव की ओर से निर्देशित किया गया है। इस पूरी घटना से नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच पिछले कुछ दिनों में खटास बढ़ने के संकेत मिले हैं। खासकर तेजस्वी यादव के खिलाफ लैंड फॉर जॉब स्कैम में चार्ज शीट दायर होने के बाद। आरजेडी जो पिछले कुछ समय से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए दबाव बना रही थी, वह अब तेजस्वी के खिलाफ दाखिल हुई चार्जशीट के बाद बैकफुट पर है और सुनील सिंह प्रकरण इसी का जीता जागता उदाहरण है। नतीजा यह है कि नीतीश कुमार लालू परिवार के सबसे करीबी नेता पर अब सीधा हमला बोल रहे हैं। बता दें कि सुनील सिंह आरजेडी एमएलसी होने के साथ-साथ बिस्कोमान के चेयरमैन भी हैं।

दरअसल, इस बार राजद नेता एमएलसी सुनील कुमार ने फेसबुक पर एक सवाल पोस्ट करते पूछा कि 'अगर यूपीएससी में यह सवाल पूछा जाए कि देश का सबसे अविश्वसनीय राजनेता कौन हैं तो इसका जवाब क्या होगा?' राजद विधान पार्षद के सवाल के जवाब में 90 फीसदी से अधिक लोगों ने नीतीश कुमार को ही अविश्वसनीय नेता बताया। एमएलसी सुनील कुमार के इस प्रश्न और जवाब से जदयू सकते में आ गई। बात जब काफी बढ़ने लगी तो राजद नेता ने फेसबुक से पोस्ट हटा दिया पर राजद ने जाने अंजाने में अपने भीतरी मकसद को पूरा कर लिया जो कहीं न कहीं नीतीश कुमार के चेहरे के विरुद्ध सर्वेक्षण माना जा रहा है।

बात यहीं नहीं रुकी। राजद की ओर से उठाए गए मुद्दे को भाजपा नेताओं ने आगे बढ़ाकर नीतीश कुमार की फजीहत बढ़ा दी। भाजपा प्रवक्ता डॉ. निखिल आनंद ने उक्त सवाल को एक बार फिर पोस्ट कर दिया कि राष्ट्रीय जनता दल आरजेडी के विधान परिषद् सदस्य सुनील कुमार सिंह की ओर से फेसबुक पर पूछे गए सवाल का जवाब दें। और फिर इस सवाल के जवाब में नीतीश कुमार के अविश्वसनीय चेहरा पर हमले करने का मौका मिल गया।

दरअसल विवादों के विरुद्ध राजद और जदयू नेताओं के बीच तलवारबाजी का यह कोई पहला मौका नहीं है। हाल ही में शिक्षा मंत्री और अधिकारी के के पाठक के बीच अधिकार को लेकर घमासान आज भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजद गर शिक्षा मंत्री का पक्ष ले कर अधिकारी केके पाठक पर निशाना साध रहे हैं और उधर जदयू के कई नेता केके पाठक को ईमानदार और सक्षम नेता बता रहे हैं।राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा है कि केके पाठक शिक्षा मंत्री की फजीहत कराते हैं। मनमर्जी का काम करते हैं। मुख?यमंत्री नीतीश कुमार को उन्हें बाहर निकाल देना चाहिए। वे जानबूझ कर विभाग को बदनाम कर रहे हैं।

जदयू के भी कई नेता भी शिक्षा मंत्री के इस बयान के विरुद्ध खड़े हो गए। नालंदा विश्वविद्यालय के एक दीक्षांत समारोह में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामायण को लेकर ऐसी विवादित बयान दे डाला कि राजद नेता और जेडीयू नेताओं के बीच तकरार होने लगा। तब शिक्षा मंत्री ने मनुस्मृति और तुलसीदास की रामचरितमानस को समाज में नफरत फैलाने वाला बताया था। । शिक्षा मंत्री के इस बयान पर आपसी द्वंद इतने बढ़ गए कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हस्तक्षेप करना पड़ा।

बहरहाल, शिक्षा मंत्री और केके पाठक के बीच तनातनी के माहोल में एमएलसी सुनील कुमार का सर्वेक्षण अभियान से जदयू के भीतर काफी नाराजगी है। चर्चा यह है कि तेजस्वी यादव आज विदेश से लौटते ही इन सारे मसलों पर निर्णय लेंगे। वैसे भी राजनीतिक गलियारों में यह कहा जा रहा है कि पिछली बार जब राजद का दामन तब छोड़ा था जब नीतीश कुमार ने एक मामले में चार्जशीटेड हो गए थे और तब नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से बिंदुवार जवाब मांगा था।जब उधर से कोई जवाब नहीं आया तो उन्होंने राजद से नाता तोड़कर भाजपा के साथ सरकार बनाई ।

आज फिर जमीन दो और नौकरी लो के मामले में चार्जशीटेड हो गए हैं। क्या भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस वाले नीतीश कुमार इस बार भी राजद से नाता तोड़ेंगे?

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा सांसद सुशील कुमार और नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने भी मजबूती से कहा कि नीतीश कुमार चार्जशीटेड तेजस्वी यादव से इस्तीफा लें। विजय सिन्हा ने पिछली बातों को याद दिलाते हुए कहा है कि नीतीश कुमार भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जीरो टालरेंस अपनाते रहे हैं, इसलिए वह तेजस्वी यादव को भी कैबिनेट से बर्खास्त करें।

राजनीति में टंग मैनेजमेंट क्यों नहीं ?

डॉ. वेदप्रकाश

राजनीति शब्द का अर्थ है- राज्य की रक्षा और शासन को दृढ करने का उपाय बताने वाली नीति। लेकिन क्या विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज राजनीति का यह अर्थ बदलता नहीं जा रहा है? क्या राज्य रक्षण का स्थान भक्षण नहीं ले रहा है? बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान अब तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है,क्या यह राजनीतिक स्वार्थों के लिए सुनियोजित हिंसा और हत्या नहीं है? केवल और केवल राज की महत्वाकांक्षा नेताओं को नीति से दूर ले जा रही है। आप गंभीरता से विचार करेंगे तो पाएंगे- भारत की राजनीति भी अद्भुत है और सच कहूं तो वह आठवें अजूबे जैसी है। इसकी उदारता, भुरभुरापन, विस्मरण शक्ति और आपसी सद्भाव सर्वविदित है। राजनीतिक क्षेत्र में आने के लिए न कोई पाठ्यक्रम और न ही किसी डिग्री की आवश्यकता। अपराधी- निरअपराधी, पूर्णतया समर्पित-बागी, चुने हुए- खरीदे हुए, गांव का- शहर का, शिक्षित- अशिक्षित, गरीब- पूंजीपति, ईमानदार-बेईमान,सुकर्मी-दुष्कर्मी,भ्रष्टाचारी- महाभ्रष्टाचारी, यदि यह कहूं की लायक-नालायक सभी को यह अपने आंचल की छांव दे देती है। कुछ अन्य बातें भी हैं-आप निगम क्षेत्र, विधानसभा क्षेत्र व संसदीय क्षेत्र में जाइए- मत जाइए, काम कीजिए- मत कीजिए, आवश्यक बैठकों में भी जाइए अथवा बहिष्कार के नाम पर काली पट्टी अथवा तख्ती लेकर बाहर रहिए,कोई नियम-कानून आप पर लागू नहीं होगा। सरकारी कर्मचारी किसी अपराध में सहभागिता होने पर नौकरी से हाथ धो बैठता है लेकिन यहाँ आप जेल में रहते हुए भी अपने पद पर बने रह सकते हैं। हजारों, लाखों करोड़ के घोटाले करने के बाद भी यदि जांच चली तो चलती रहेगी। कानून का लचीलापन अथवा ढुलमुल रवैया आपके ऊपर आंच नहीं आने देगा और आपकी छवि भी सेवाभावी नेता की बनी रहेगी। बड़ी संभावना यह भी है कि भविष्य में आपकी भक्त- भोली जनता आपको फिर से चुनाव में जीता देगी। सत्ता में आने के लिए मुफ्त की घोषणाएं ऐसे लोगों के पास एक बड़ा रास्ता बन चुकी हैं। क्या इस प्रकार के राजनीतिक वातावरण के सहारे विकसित भारत का संकल्प पूरा हो सकेगा?

टंग मैनेजमेंट अथवा जीह्वा प्रबंधन राजनीति की अथवा वर्तमान की एक बड़ी आवश्यकता व चुनौती है। लोक में कहा जाता है कि जीभ में हड्डी नहीं होती, इसलिए यह बड़ी फुर्ती से चलती है और कहीं भी फिसल जाती है। विडंबना है कि किसी राजनीतिक दल के सर्वोच्च पदाधिकारी अथवा किसी राज्य एवं केंद्र सरकार में विधायक, सांसद और मंत्री जैसे पदों पर विराजमान राजनीतिक क्षेत्र के लोगों में टंग मैनेजमेंट का अभाव है। किसी महिला के लिए अशोभनीय टिप्पणी करना, किसी दुष्कर्म पीड़िता के विषय में अथवा घटना पर कुछ भी बोल देना। जाति,संप्रदाय अथवा धार्मिक भावनाओं पर टीका-टिप्पणी कर देना, देश-विदेश में महत्वपूर्ण मंचों पर देश और समाज विरोधी बातें करना सामान्य होता जा रहा है। क्या आज इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता नहीं है? राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी बलवती होती जा रही है कि राजनीतिक दल वैचारिकता अथवा अपने दल के बुनियादी सिद्धांतों को किनारे रखकर सत्ता पाने के लिए गठजोड़ अथवा महागठबंधन में लगे हुए हैं। इनके पास देश के लिए न तो नीति है और न ही नियत। फिर ऐसे लोग यदि सत्ता पा भी गए तो किसका और कैसा भला करेंगे यह विचारणीय है। राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद हैं। क्या इन पर बैठे व्यक्ति के विषय में अभद्र टिप्पणी अथवा कुछ भी बोलना देशद्रोह के दायरे में नहीं आना चाहिए? इसी प्रकार न्यायपालिका, मीडिया, ईडी, सीबीआई आदि भी सर्वोच्च संस्थान हैं। बिना किसी प्रमाण के बार-बार इनकी आलोचना अथवा आरोप लगाना क्या दंडनीय अपराध नहीं होना चाहिए? विगत दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लंदन में आयोजित आइडिया फॉर इंडिया नामक कार्यक्रम में बोलते हुए भारत के लोकतंत्र, न्यायपालिका, समाज व्यवस्था एवं अर्थव्यवस्था आदि पर सवाल उठाते हुए देश का ही विरोध कर दिया। क्या इस प्रकार के मामले देशद्रोह नहीं हैं? उन्होंने कहा- देश में ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है, बेरोजगारी अपने चरम पर है, महंगाई बढ़ती जा रही है, बीजेपी ने हर तरफ केरोसिन छिड़क दिया है...। क्या ध्रुवीकरण और केरोसिन छिड़कने जैसी बातें किसी को समझ नहीं आती? इसी प्रकार विगत दिनों आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में बोल रही थी, उन्होंने कहा- हमें बताया जाता है कि भारत में बढ़ते अरबपतियों की सबसे बड़ी संख्या है... भारत में 35 करोड़ लोग भूखे रहते हैं... भारत की स्थिति श्रीलंका,भूटान और बांग्लादेश से भी बदतर है। क्या इस प्रकार की बातें वैश्विक पटल पर भारत की छवि को खराब करने वाली नहीं है? यह भी चिंतनीय है कि दूसरे देश में जाकर और विशेष रूप से समय-समय पर ब्रिटेन में जाकर भारत के इस प्रकार के राजनीतिज्ञ और कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी अनर्गल और देश को नीचा दिखाने वाला क्यों बोलते हैं? क्या यह प्रायोजित कार्यक्रम नहीं हैं?

श्रावण की मासिक शिवरात्रि का है खास महत्व

पंडित कृष्ण मेहता

शिवरात्रि शिव और शक्ति के अभिसरण का विशेष पर्व है। हर माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की सावन माह में कब कब करें शिवजी की पूजा, जानिए खास दिन।इस बार श्रावण माह का प्रारंभ अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 4 जुलाई 2023 मंगलवार से हुआ है और 31 जुलाई 2023 तक चलेगा। यानी कुल 59 दिन रहेंगे जिसमें 8 सोमवार रहेंगे। वैसे तो सावन माह के प्रत्येक दिन शिवजी की पूजा की जाती है परंतु इस माह में कुछ ऐसे खास? दिन भी होते हैं ज?बकि शिवपूजा का महत्व बढ़ जाता है। आओ जानते हैं ऐसे की खास दिनों के नाम।

शिव पूजा के लिए प्रमुख तिथियां सावन 2023:-

मौना पंचमी 7 जुलाई 2023	
शुक्र प्रदोष व्रत 2023	14 जुलाई
सावन शिवरात्रि 2023	15 जुलाई
सावन अमावस्या 2023	17 जुलाई
रवि प्रदोष व्रत 2023	30 जुलाई
रवि प्रदोष व्रत अगस्त 2023	1 3
मासिक शिवरात्रि (अधिकमास) 14 अगस्त 2023	
नाग पंचमी 21 अगस्त 2023	
सोम प्रदोष व्रत अगस्त 2023	2 8
सावन पूर्णिमा अगस्त 2023	3 1

ये है सावन सोमवार :

सावन का पहला सोमवार 10 जुलाई को रहेगा।

सावन का दूसरा सोमवार 17 जुलाई को रहेगा।

सावन का तीसरा सोमवार 24 जुलाई को रहेगा। (अधिकमास)

सावन का चौथा सोमवार 31 जुलाई को रहेगा। (अधिकमास)

सावन का पांचवां सोमवार 7 अगस्त को रहेगा। (अधिकमास)

सावन का छठा सोमवार 14 अगस्त हो रहेगा। (अधिकमास)

सावन का सातवां सोमवार 21 जुलाई को रहेगा।

सावन का आठवां सोमवार 28 जुलाई को रहेगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की पौराणिक कथा के अनुसार एक बार भगवान शिव अत्यंत क्रोधित हो गए। उनके क्रोध की ज्वाला से समस्त संसार जलकर भस्म होने वाला था किन्तु माता पार्वती ने महादेव का क्रोध शांत कर उन्हें प्रसन्न किया इसलिए हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भोलेनाथ ही उपासना की जाती है और इस दिन को मासिक शिवरात्रि कहा जाता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की माना जाता है कि महाशिवरात्रि के बाद अगर प्रत्येक माह शिवरात्रि पर भी मोक्ष प्राप्ति के चार संकल्पों भगवान शिव की पूजा, रुद्रमंत्र का जप, शिवमंदिर में उपवास तथा काशी में देहत्याग का नियम से पालन किया जाए ।

विकास बनाम पर्यावरण !

सुनील कुमार

इन दिनों पूरे उत्तर भारत में भारी बारिश से तबाही मची हुई है। जगह जगह जलभराव हो गया है। निचले इलाकों में पानी भर गया है और वे जलमग्न हो गए हैं। बहुत सी नदियां नाले उफान पर हैं। बहुत से स्थानों पर मार्ग अवरूद्ध हो गये हैं तो कहीं पर सड़कें और मकानों, दुकानों तक को नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।भारतीय मौसम विभाग ने, 11 जुलाई को जब यह आर्टिकल लिखा जा रहा है तब व 12 जुलाई को भी देश के की राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग द्वारा आरेंज और यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, मेघालय, सिक्किम में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।ओडिशा, आंध्र पदेश, मणिपुर ,नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा, गुजरात, गोवा, राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक और केरल में भी भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।बिहार, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश का पूवार्नुमान है। यहां तक कि पंजाब के पटियाला में भी लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। चंडीगढ़, अंबाला में भी हालत बहुत बुरे हैं। देश में बहुत से स्थानों पर तो यह भी पता नहीं चल रहा है कि सड़कें या रास्ते हैं भी या नहीं। घरों, दुकानों, अपार्टमेंट, बस्तियों में पानी भर चुका है। कहीं पर कारें बह गई हैं तो कहीं पर वाहन पानी में फंसे हैं। राजस्थान के राजसमंद में एक कार को हाल में ही क्रेन से रेस्क्यू कर बचाया गया। हाल फिलहाल झारखंड, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, गोवा में भी भारी बारिश की संभावना बताई जा रही है। तेरह जुलाई को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड में भारी बारिश होने का अनुमान है। बिहार, झारखंड और ओडिशा में भी हल्की से तेज बारिश की संभावना जताई गई है।इस वक्त दिल्ली, पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, उत्तराखंड, यूपी के कई इलाकों में बारिश ने कहर बरपाया हुआ है। हमने देखा कि दिल्ली में तो एमसीडी और एमसीडी की मान्यता प्राप्त सभी स्कूल भी बंद रहे।भारी बारिश के बाद दिल्ली में यमुना नदी का जल स्तर भी बढ़ रहा है। कुल मिलाकर,मौसम उत्पात मचा रहा है। हिमाचल प्रदेश में तो आपदाग्रस्त तस्वीर बनी हुई है। उत्तराखंड में कई स्थानों पर भू-स्खलन हुआ है तो भूस्खलन, पहाड़ दरकने से रास्ते तक अवरूद्ध हुए हैं। कुछ समय पहले धारचूला में बादल फट गया था और वहां रेस्क्यू टीम सहित सैकड़ों लोग फंस गए। दिल्ली पानी पानी हो गई है और यमुना खतरे के निशान पर बह रही है। कुल मिलाकर हम यह बात कह सकते हैं कि इस समय पूरा उत्तर भारत भारी बारिश और बाढ़ से बेहाल है। सच तो यह है कि दिल्ली-नोएडा से लेकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश से भयावह तस्वीरें देखने को मिल रही हैं। हाल ही में राजधानी के कई इलाकों में तो घुटनों तक पानी चढ़ गया। लोगों को सड़कों, रास्तों पर चलने तक में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।41 साल में पहली बार 24 घंटे में इतनी बारिश हुई है कि एनसीआर का पूरा सिस्टम ही ठप्प सा हो गया। हिमाचल प्रदेश से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं वह तो बहुत भयानक ही कही जा सकती हैं। ?भूस्खलन, बाढ़, बारिश से हिमाचल प्रदेश बहुत ही बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मीडिया के हवाले से पता चला है कि तेज हवाओं के साथ मॉनसूनी बारिश ने 60 से अधिक जानें ले ली हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी और मनाली में ब्यास नदी का रौद्र रूप देखने को मिला। हिमाचल में आठ सौ से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। शिमला में बारिश ने खूब कहर बरपाया है। कूल्लू में एक वाहन के खाई में गिरने से भी चार लोग मारे गए हैं। सड़क हादसों में लगभग दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। भूस्खलन और बाढ़ में लोग लापता भी बताए जा रहे हैं। पशु पक्षियों को ही काफी नुकसान पहुंचा है। एक प्रसिद्ध मंदिर भी डूब गया बताया जा रहा है। सच तो यह है कि पिछले तीन दिनों के भीतर नॉर्थ इंडिया में जल प्रलय की तस्वीरों ने वर्ष 2013 में आई केदारनाथ त्रासदी की डरावनी यादें ताजा कर दी हैं। मौसम के जानकारों का यह कहना है कि मानसूनी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के एक साथ आने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। वर्ष 2013 की उत्तराखंड आपदा के बाद के समय भी ऐसे ही दो सिस्टम्स का संगम हुआ था, जिसने बहुत से लोगों की जानें ले ली थीं। दस साल बाद भी केदारनाथ पूरी तरह से उबर नहीं पाया है। आज अल-नीनो के कारण मौसम व जलवायु में लगातार परिवर्तन आ रहे हैं। अधिक कार्बन उत्सर्जन व पर्यावरण प्रदूषण से हरित गृह गैसों में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही हैं। ग्लेशियर तक पिघलने लगे हैं।पिछले कुछ दिनों में उत्तर भारत में दो वेदर सिस्टम एक्टिव रहे। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के साथ राजस्थान से उत्तरी अरब सागर तक कम वायुमंडलीय दबाव का एक लंबा क्षेत्र बना हुआ था और उसी समय खतरनाक मॉनसूनी परिस्थितियों के चलते बंगाल की खाड़ी से आ रही हवाएं नॉर्थ की तरफ आगे बढ़ीं। इन्हीं दोनों का आपस में मिलन हुआ और बारिश व बाढ़ की स्थितियां देखने को मिलीं। अभी कुछ समय ही गुजरा है कि हमने बिपरजॉय तूफान का खतरनाक प्रभाव भी देखा, लेकिन स्थितियों पर समय रहते काबू पा लिया गया। पूर्व तैयारियां काम आईं। विभिन्न तटीय क्षेत्रों और निचले इलाकों से लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। लेकिन हमें इस बात को सदैव अपने जेहन में रखना चाहिए कि हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण मौसमी आपदाएं लगातार बढ़ी हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहे हैं और यही कारण है कि विपदाएं हमारा पीछा नहीं छोड़ रही हैं। दरअसल, प्राकृतिक आपदाएं देखा जाए तो मानव की ही देन कहीं जा सकती हैं। आज मानव लगातार पहाड़ों को काट रहा है, खनन किया जा रहा है। विकास के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। सड़कें,पुल , बांध व सुरंगों को बनाया जा रहा है। कंक्रीट के जंगल के जंगल खड़े किए जा रहे हैं और प्रकृति को लगातार मानव चैलेंज दे रहा है। प्राकृतिक व्यवस्था के साथ छेड़छाड़ को ठीक नहीं कहा जा सकता। विकास के नाम पर प्रकृति के संसाधनों का असीमित दोहन करना क्या जायज ठहराया जा सकता है ? कदापि नहीं। आज पहले की तरह न तो चरागाह बचे हैं और न ही वन क्षेत्र। मानव अपने स्वार्थों और लालच को पूर्ण करने के लिए प्रकृति से लगातार छेड़छाड़ कर रहा है। दरअसल, विकास भी बहुत जरूरी है लेकिन विकास के साथ ही मानव को प्रकृति का भी खास ख्याल रखना होगा। अन्यथा प्रकृति की मार किसी न किसी रूप में मानव को झेलनी ही पड़ेगी।

पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा कृष्णदेव मिश्रा की टीम ने गोलू उर्फ लगंड़ा पुत्र बाबू सोनकर निवासी हनुमानगंज के कब्जे से दो किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा कृष्णदेव मिश्रा, सिपाही अंकित शुक्ला शामिल रहे।

देशी शराब समेत एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने धीरज सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी भदेदू को 40 पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, दीवान नईम शामिल रहे।

पुलिस ने चार वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटी को दबोचा है।

मंगलवार को चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह की टीम ने आबकारी अधिनियम के वारंटी राजा उर्फ कृष्ण गोपाल पुत्र चुन्नीलाल निवासी एसडीएम कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने पाक्सो एक्ट के वांछित महेश कुमार यादव पुत्र माताबदल निवासी गोल तालाब को गिरफ्तार किया। सरधुआ थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने गुण्डा एक्ट के वारंटी भालेन्द्र सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी देवारी तथा आर्म्स एक्ट के वारंटी लवलेश यादव उर्फ मुच्छड़ यादव पुत्र बाबूलाल निवासी सुरवल को गिरफ्तार किया है।

बुरी नीयत से किशोरी का हाथ पकड़ने वाले को हुई तीन साल की कैद, विशेष न्यायाधीश ने सुनाया निर्णय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। बुरी नीयत से घर में घुसकर किशोरी का हांथ पकड़ने वाले शोहदे को न्यायालय ने तीन वर्ष की सजा सुनाई है। आठ हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया है।

मंगलवार को लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया एक महिला ने भरतकूप थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 28 अक्टूबर 2020 को उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर में अकेले थी। इटखरी गांव के धीरज उर्फ थानेदार पुत्र भुल्लू ने बुरी नियत से घर में घुसकर उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध पर गाली- गलौज करते हुए भाग निकला। घर आने पर पुत्री ने जानकारी दी तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी धीरज उर्फ थानेदार को तीन वर्ष की सजा व आठ हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ऊंचाडीह मार्ग के नालों पर जल्द बनायें पुलिया, क्षेत्रवासियों ने डीएम समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर क्षेत्र के कमलेश सिंह, हेमराज सिंह, नारायण सिंह, रमेश सिंह, सीताराम सिंह, राम सिंह, सीताराम कोल, प्रदीप सिंह, संतोष, श्रीकेशन, रामकेशन समेत सैकडों ग्रामीणों ने देश के प्रधानमंत्री समेत उच्चाधिकारियों व जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि मानिकपुर से ऊंचाडीह तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना से बनाई सडक में पुलियों का निर्माण किया जाये।

मंगलवार को मानिकपुर क्षेत्र के अधिवक्ताओं समेत ग्रामीणों ने देश के प्रधानमंत्री, उच्चाधिकारी व जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि ऊंचाडीह तक 12 किमी सडक का निर्माण प्रधानमंत्री सडक योजना से दस वर्ष पहले हुआ था। चार नालों में पुल निर्माण नहीं कराया गया। 2023 में सडक का पुर्ननिर्माण हुआ है। चारों नालों में पुल का निर्माण न होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। बारिश में नालों में पानी भरने से लोग हादसे के शिकार हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में चारों नालों में पुलिया निर्माण जरूरी है।

उन्होंने कहा कि ऊंचाडीह के आगे पत्रकारपुरवा, लोधौंहा, सिगवां व कोटाकंदैला तथा हनुमानगंज जाने में क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी होती है। लगभग ढाई सौ गांवों के लोग बोडीपोखरी से तीस किमी का चक्कर लगाकर हनुमानगंज तक पहुंचते हैं। ऊंचाडीह मार्ग में पुलिया निर्माण होने से लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पडेगा।

बाढ़ प्रभावित जिलों में चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

चंडीगढ़। राज्य में लगातार तीसरे दिन की बारिश को देखते हुए, पंजाब पुलिस ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों के साथ मिलकर राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों में बचाव और जल निकासी अभियान तेज कर दिया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां दी। उन्होंने कहा कि राज्य के सबसे अधिक प्रभावित जिलों में एसएएस नगर, रूपनगर, फतेहगढ़ साहिब, जालंधर ग्रामीण और पटियाला शामिल हैं।

राज्य में विस्तृत बाढ़ रोकथाम तंत्र सुनिश्चित करने के मुख्यमंत्री भगवंत मान के निदेर्शों के बाद, डीजीपी गौरव यादव और विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला व्यक्तिगत रूप से राज्य में बाढ़ की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं, जबकि सीपी/एसएसपी को फील्ड में रहकर नियमित अंतराल पर अपने-अपने जिलों में स्थिति की व्यक्तिगत रूप से निगरानी के लिए कहा गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि राज्य के सबसे अधिक प्रभावित जिलों में जल भराव और निकासी के साथ-साथ बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की 15 टीमें और एसडीआरएफ की दो इकाइयां तैनात की गई हैं। इसके अलावा, रूपनगर, पटियाला, फतेहगढ़ साहिब, फिरोजपुर, जालंधर, एसबीएस नगर, एसएएस नगर और पठानकोट सहित जिलों में नागरिक प्रशासन की मदद के लिए सेना की 12 टुकड़ियों को भी बुलाया गया है।

उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना के साथ हमारी टीमें बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए 24 घंटे काम कर रही हैं।

विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे सक्रिय रूप से काम कर रहा है और संबंधित जिलों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए जिलों से प्रति घंटे रिपोर्ट ली जा रही है।

तीन दम्पतियों के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

तीनों खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में तीन दम्पतियों के आपसी विवाद को सुलह समझौते से समाप्त कर परिवार को टूटने से बचाया।

मंगलवार को सरधुवा थाने के औदहा गांव की श्रीमती कलावती पुत्री शंकर ने पति रामसुफल पुत्र राममनोहर निवासी कमासिन जिला बांदा एवं ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज की मांग व मारपीट करने की बाबत, मऊ थाने के हटवा गांव की श्रीमती सविता देवी पुत्री कामता प्रसाद ने पति उमाशंकर पुत्र सत्तीराम निवासी कंडौर मजरा बक्टा बुजुर्ग थाना पहाड़ी के खिलाफ दहेज व मारपीट की बाबत तथा पहाडी थाने के सालिगपुर गांव की श्रीमती महिला पुत्री शिवपूजन ने पति अजय सिंह पुत्र गोविन्द सिंह निवासी सुरजी का पुरवा मजरा सुरौंधा थाना मऊ के ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज की मांग व मारपीट करने बाबत पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने पत्रों के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतों को विस्तार से सुन-समझकर दूसरे पक्षों को पुलिस कार्यालय बुलाया। यहां दोनों पक्षों से विस्तार से वार्ता की गई। तीनों दम्पत्ति जोड़ों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर तीनों दम्पत्ति जोड़ों ने प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र से तालमेल से रहने का वायदा किया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी, शिवांगनी श्रीवास्तव शामिल रहीं।

मांगों को लेकर खंड शिक्षाधिकारी 17 को लखनऊ में करेंगे प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खंड शिक्षा अधिकारियों की पदोन्नति, वेतन विसंगति निराकरण व एसीपी समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारियों ने कलेक्टेज्ट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को खंड शिक्षाधिकारियों ने वेतन विसंगति आदि की मांग को लेकर अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक व अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि लंबित मांगों को पूरा किया जाये। उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ जिला चित्रकूट के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबित मांगों को पूरा न करने से खंड शिक्षा अधिकारियों के मनोबल व कार्य क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षा निदेशालय को बार-बार प्रत्यावेदन देने के बाद भी मांगों को पूरा न कर उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां की जा रही हैं। उन्होंने ऐलान किया कि 17 जुलाई को लखनऊ में प्रदेश स्तरीय सांकेतिक धरना/प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद पटेल, नागेश्वर प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, मिथिलेश कुमार, कृष्ण दत्त पांडे एवं अतुल दत्त तिवारी शामिल रहे।

पहाडी ब्लाक में बह रही भ्रष्टाचार की गंगा, कलवलिया गांव के मजरा डुडौली में विकास कार्यों में भारी धांधली

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाडी ब्लाक के कलवलिया गांव में विकास कार्यों को लेकर सरकार के धनराशि देने के बाद भी प्रधान व सचिव की मनमानी से मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट हो रहा है। तकनीकी सहायक मानकविहीन कार्यों की एमबी का भुगतान कर देते हैं।

मंगलवार को पहाडी ब्लाक के कलवलिया गांव के मजरे डुडौली मनरेगा योजना से सदाशिव के घर से वंशीलाल के घर तक इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण में धांधली की गई है। ईंट पुराने खड़ंजे को उखाड़कर साइड वाल बनाई है। इंटरलाकिंग खडंजा में सरकारी मानक को दरकिनार कर कार्य कराया है। नौ लाख 32 हजार रूपए की लागत से इंटरलाकिंग खडंजा निर्माण में थोड़ी बहुत निर्माण सामग्री लगाई है। साइड वाल की जोड़ाई में क्रशर डस्ट का प्रयोग किया है। कलवलिया के मजरे डुडौली में ही सदाशिव के घर के आगे सरोज देवी/बीरेंद्र मिश्रा के घर तक इंटरलाकिंग खडंजा व नाली निर्माण में धांधली की गई है। प्रधान-सचिव की मिलीभगत से तकनीकी सहायक ने मानकविहीन कार्य की एमबी कर सरकारी धन को ठिकाने लगाने की तैयारी किये है।

खंड विकास अधिकारी/डीसी मनरेगा पहाडी ब्लाक की ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की गंगा बहा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की सह से प्रधान व सचिव मनमानी ढंग से सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

27 लोगों को कर रहा ब्लैकमेल: विनोद द्विवेदी

चुनावी रंजिश में फंसाने का कुचक्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी ने कहा कि चुनावी रंजिश की खुन्नश निकालने को उनके खिलाफ कुचक्र रचा जा रहा है। ऐसे लोग कुचक्र कर रहे हैं जो मानिकपुर कस्बे के 27 लोगों के घरों को गिरवाने की साजिश रचे हैं। ऐसे लोगों ने 27 लोगों से पहले पैसे की मांग की है। पैसा न मिलने पर घरों को गिरवाने का प्रयास कर रहे हैं।

मंगलवार को नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन विनोद द्विवेदी ने बताया कि मानिकपुर कस्बे में कुछ बडे ब्लैकमेलर लम्बे अरसे से लोगों को ब्लैकमेल करने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों की कलई पुलिस की जांच में खुल जायेगी। चुनावी रंजिश की खुन्नश खाये लोग उन्हें फंसाने का कुचक्र कर रहे हैं। ऐसे कुचक्रों के जाल में वे नहीं आने वाले।

उन्होंने बताया कि मानिकपुर कस्बे में तकरीबन 27 लोगों के घर गिरवाने को कस्बे के एक ब्लैकमेलर ने प्रशासन को पत्र लिखा है। ब्लैकमेलर लोगों से पहले पैसा मांगता है। न मिलने पर प्रशासन से लोगों के घर गिरवाने की मांग करता है। पुलिस की जांच में ब्लैकमेलर का सच लोगों के सामने जल्द आ जायेगा।

युवा कमेटी के अध्यक्ष बने राहुल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री सुशील कक्का ने की। बैठक में प्रदेश मंत्री प्रदीप गुप्ता, युवा प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश रावत, युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, महामंत्री अंकित पहाड़िया, नगर अध्यक्ष धर्मचन्द्र, युवा नगर अध्यक्ष शुभम गुप्ता आदि की मौजूदगी में नगर कमेटी के विस्तार पर चर्चा हुई।

मंगलवार को युवा नगर कमेटी के विस्तार की चर्चा हुई। सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, महामंत्री अंकित पहाड़िया ने कहा कि जल्दी बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़ने का काम युवा नगर कमेटी शुरू करेगी। युवा नगर कमेटी के अध्यक्ष शुभम गुप्ता, महामंत्री मोहित कश्यप, महामंत्री हिमांशु गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, उपाध्यक्ष आकाशदीप सिंह, उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी, उपाध्यक्ष अखिलेश केसरवानी, उपाध्यक्ष गौरव दुबे, उपाध्यक्ष विशाल, उपाध्यक्ष शुभांशु, उपाध्यक्ष रमेश, कोषाध्यक्ष सचिन धुरिया, संगठन मंत्री आलोक, संगठन मंत्री वंश गोपाल, संगठन मंत्री शिवम, संगठन मंत्री सुशील, संगठन मंत्री गौरव सिंघल, संगठन मंत्री अरुण, संगठन मंत्री आकाश, मंत्री अनुराग सविता को मनोनीत किया।

22 खिलाडियों का विभिन्न खेलों में हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि उप्र सरकार से संचालित स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, गोरखपुर, सैफई में कक्षा छह में वर्ष 2023-24 में प्रवेश की अंतिम मुख्य परीक्षा में शामिल होने को चित्रकूट के बांदा-महोबा के 22 खिलाड़ियों का एथलेटिक कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट, हाकी में चयन हुआ है।

मंगलवार को क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी ने बताया कि प्रधानाचार्य स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ अजय कुमार शेट्टी ने अंतिम सूची जारी कर दी है। स्पोर्ट्स कॉलेज का मुख्य चयन 14-15 को सवेरे छह बजे से कॉलेजों में शुरू होगा, जो खिलाड़ी चित्रकूट के चयनित हुए हैं। वह अपना चयन स्पोर्ट्स कॉलेज की वेबसाइट पर देख सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों के खेलवार नाम एथलेटिक्स विक्रमगिरी, अभियश वर्मा, अमन सिंह, अनुभव सिंह यादव, अवनीश, कबड्डी में पंकज, अनीश, निलेश कुमार, प्रिंस, नीलेश, कुश्ती में प्रदीप यादव, क्रिकेट में सॉरी सिंह, आयुष सोनकर, हॉकी में शिवम, अभय यादव, अनिकेत कुमार, उत्सव, अंकुश राज, यशवर्धन सिंह, बैडमिंटन में वैभव द्विवेदी, संस्कार सिंह हैं। सभी चयनित खिलाड़ी समय से कॉलेज में पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग लें। अधिक जानकारी को जिला खेल कार्यालय में अख्तर हुसैन कंप्यूटर ऑपरेटर से संपर्क कर सकते हैं।

एमएससी पीएचडी आईआईटी खडकपुर से करेंगे शुभादित्य

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। एसडीएम कालोनी के शुभादित्य गौतम को जैम परीक्षा 2023 में एमएससी पीएचडी को आईआईटी खडकपुर से आफर मिला है।

मंगलवार को एसडीएम कालोनी के शुभादित्य गौतम को प्रवेश के लिए एमएससी पीएचडी जैम परीक्षा 2023 के लिए खडकपुर आईआईटी ने बुलाया है। फीस देने की तिथि आठ अगस्त व अन्तिम तिथि तीस सितम्बर निर्धारित की है। उन्हें ये आफर मिलने पर शिक्षक गयाप्रसाद बौद्ध आदि ने खुशी जताई है।

सीकर : कोचिंग से लौट रहे लड़के की बरसाती गड्ढे में डूबकर मौत

सीकर । राजस्थान के सीकर में एक कोचिंग सेंटर से लौटते समय एक 16 वर्षीय लड़का बरसाती गड्ढे में गिर गया।

झुंझुनूं निवासी युवराज मीणा सीकर में जेईई की कोचिंग कर रहा था। शनिवार रात करीब 8 बजे कोचिंग से लौटते समय वह नवलगढ़ रोड पर पानी से भरे गड्ढे में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीकर सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला। कोचिंग के आईडी कार्ड से मृतक की पहचान हुई।युवराज मीणा की दो बहनें हैं। तीनों भाई-बहन फिलहाल सीकर में रह रहे थे। युवराज के पिता सीआईएसएफ में कांस्टेबल हैं। इस घटना को लेकर परिजन और अन्य ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दिया।

रविवार शाम सीकर डीएसपी कार्यालय में एडीएम राकेश कुमार की अध्यक्षता में समझौता हुआ, जिसके बाद परिजन शव लेने को राजी हुए।

छत से गिरकर हेल्पर की मौत

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के करही गांव में मुकेश कुमार पासी (25) पुत्र शिवनंदन पासी निवासी छोटी अढौली थाना धाता जिला फतेहपुर की मान सिंह डिग्री कॉलेज की छत से गिरने से मृत्यु हो गई।

मंगलवार को जल निगम में हेल्पर पद पर काम करने वाले मुकेश पासी मान सिंह डिग्री कॉलेज में रहता था। वह चाचा कैरा पुत्र बाबूलाल के अनुसार ठेकेदार से पैसा लेने गया था। लेनदेन के विवाद में दोनों ने छत में बैठकर शराब पी। विवाद होने पर ठेकेदार ने छत से उसे नीचे फेंक दिया। इससे उसकी मृत्यु हो गई।

मृतक के चाचा ने कहा कि पुलिस बल ने पहुंचकर पंचनामा में जबरन हस्ताक्षर करवा लिए हैं। शव को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। चाचा ने कहा कि मामले की जांचकर ठेकेदार पर कार्यवाही होनी चाहिए। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

सिंगापुर संसद अध्यक्ष टैन-चुआन-जिन ने विपक्षी सांसद के अपमान के लिए मांगी

सिंगापुर। सिंगापुर के संसद अध्यक्ष टैन-चुआन-जिन ने विपक्षी संसद सदस्य से मंगलवार को माफी मांगी है। आरोप है कि इस साल अप्रैल में भारतीय मूल के एक सांसद को बोलने के लिए बुलाने के बाद उन्होंने विपक्षी दल के संसद सदस्य का अपमान करने के लिए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया था। उन्होंने जैमस को पॉपुलिस्ट कहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये वाकया इस साल 17 अप्रैल को तब हुआ था जब विपक्षी वर्कर्स पार्टी के सांसद जैमस लिम के भाषण के बाद सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सांसद विक्रम नायर को बोलने के लिए बुलाया गया था। जैमस ने अपने भाषण के दौरान सिंगापुर के सामाजिक समझौते में सुधार के लिए राष्ट्रपति हलीमा याकूब के आह्वान के समर्थन में आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा था कि सिंगापुर ने अभी तक आधिकारिक गरीबी रेखा की सीमा नहीं तय की है। यह अचंभित और परेशान करने वाला है।

अमेरिका में अमीरों की सूची में चार भारतवंशी, जयश्री उलाल और नीरजा सेठी सहित यह महिलाएं अरबों की मालिक

अमेरिका। भारतीय-अमेरिकी जयश्री उल्लाल, इंद्रा नूई, नीरजा सेठी और नेहा नरखेड़े को फोर्ब्स ने अमेरिका की 100 सबसे अमीर सेल्फ मेड (खुद के दम पर) महिलाओं में नामित किया है। इनकी कुल संपत्ति अरबों डॉलर की है।

चारों महिलाओं को अमेरिका के 100 सबसे सफल इंटरप्रेन्योर, एग्जीक्यूटिव और एंटरटेनर की सूची में शामिल किया गया है।

बाइडन ने रखा किंग चार्ल्स-III की पीठ पर हाथ और शुरू हो गया विवाद, शाही प्रोटोकॉल तोड़ने का लगा आरोप

अमेरिका। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस समय यूरोप के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने विंडसर कैसल में किंग चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की। किंग चार्ल्स तृतीय ने अमेरिकी राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत भी किया। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ जिसकी अब चर्चा हो रही है। लोग इसे शाही प्रोटोकॉल का उल्लंघन बता रहे हैं। वहीं, बकिंघम पैलेस ने दोनों की इस मुलाकात को स्नेह का अद्भुत प्रतीक बताया है।

प्रधानमंत्री प्रंचड के स्पष्टीकरण के बाद नेपाल की संसद में गतिरोध थमा

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के स्पष्टीकरण के बाद संसद के दोनों सदनों में सोमवार से गतिरोध थम गया। प्रचंड ने स्वीकार किया कि उनकी अभिव्यक्ति की भाषा प्रधानमंत्री की मर्यादा के अनुकूल नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में इसे लेकर सतर्क रहेंगे। प्रचंड ने दावा किया कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने सुशासन के लिए बेहतर काम कर देश की जनता में उम्मीद जगायी है।

प्रचंड ने पिछले हफ्ते भारतीय कारोबारी सरदार प्रीतम सिंह पर लिखी एक किताब के विमोचन समारोह में कहा था कि प्रीतम सिंह ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने में काफी मदद की थी। इसके लिए वह कई बार भारत भी आते-जाते रहते थे।

प्रचंड के इस बयान को मुख्य विपक्षी सीपीएन (यूएमएल) ने देश की संप्रभुता के खिलाफ करार देते हुए उनसे प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा मांगा था। विपक्षी सदस्यों के विरोध की वजह से विगत 05 जुलाई से ही संसद की कार्यवाही ठप थी।

संसद में जारी इस गतिरोध को खत्म करने के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री प्रचंड ने सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा भी मौजूद रहे। इस दौरान संसद में गतिरोध खत्म करने पर सहमति बनी थी।

यूएई में कॉमेडी वीडियो बनाना शख्स को पड़ा महंगा, समाज का अपमान करने का लगा आरोप

यूएई। संयुक्त अरब अमीरात में एक शख्स को कॉमेडी वीडियो बनाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने व्यक्ति पर अमीराती समाज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए हिरासत में लिया है। दरअसल, वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि शख्स ने पहले खुद को यूएई का दिखाने के लिए उनके जैसे कपड़े पहने। बाद में ढेर सारी नकदी के साथ आकर्षक कारें खरीदने का नाटक किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शख्स को जांच होने तक हिरासत में रखने का आदेश दिया गया था। उस पर अमीराती समाज का अपमान करने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने का आरोप लगाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, व्यक्ति ने कॉमेडी वीडियो बनाने के चक्कर में परेशानी मोल ले ली। एशिया देश के एक व्यक्ति ने पारंपरिक अमीराती परिधान पहनें। बाद में दो लोगों के साथ में नकदी की एक बड़ी ट्रे लेकर एक लक्जरी कार शोरूम में पहुंचा। खाड़ी अरब लहजे में अंग्रेजी बोलते हुए, उसने

सबसे अधिक कीमत वाली कार मांगी। बाद में यह कहते हुए कार लेने से इनकार कर दिया कि यह उतनी महंगी नहीं है, जितनी उसे चाहिए। बता दें, शोरूम कर्मचारियों ने उसे 2.2 मिलियन दिरहम यानी करीब 600,000 डॉलर तक की कारें दिखाई थीं।

जिस ब्रिटेन ने किया था राज, उससे ज्यादा मजबूत है भारत की सेना आज

वाशिंगटन। जिस ब्रिटेन ने भारत पर राज किया था, आज भारत की सेना उससे ज्यादा मजबूत है। वैश्विक रक्षा संबंधी जानकारी पर नजर रखने वाली डेटा वेबसाइट ग्लोबल फायर पावर ने दुनिया के सैन्य संतुलन की सूची जारी की है। इसके अनुसार भारत दुनिया में चौथे स्थान पर और ब्रिटेन पांचवें स्थान पर है। इस सूची के अनुसार पहले स्थान पर मौजूद अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत सैन्य शक्ति है। इस सूची में रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर हैं।

ग्लोबल फायर पावर की ओर से जारी की गई सैन्य ताकत सूची 2023 में सैन्य ताकत का मूल्यांकन 60 से अधिक कारकों पर किया गया है। सैन्य इकाइयों की संख्या और वित्तीय स्थिति से लेकर रसद क्षमताओं और भौगोलिक स्थिति तक की श्रेणियों के साथ हर देश का स्कोर निकाला गया है। रिपोर्ट में 145 देशों को सूचीबद्ध किया गया है और प्रत्येक देश की साल-दर-साल रैंकिंग में बदलाव की तुलना भी की गई है।

इस सूची में शीर्ष दस में से शीर्ष चार देश वैसे ही बने हुए हैं जैसे वे ग्लोबल फायर पावर सूची में 2022 में थे। पिछले वर्ष की तरह अमेरिका पहले, रूस दूसरे, चीन तीसरे और भारत चौथे स्थान पर है। ब्रिटेन पिछले साल आठवें स्थान पर था, जो इस बार पांचवें स्थान पर आ गया है। दक्षिण कोरिया पिछले साल की तरह छठे स्थान पर बना हुआ है। पाकिस्तान पिछले साल नौवें स्थान पर था और इस बार नौवें से सातवें स्थान पर आ गया है। जापान और फ्रांस पिछले साल के पांचवें और सातवें स्थान से इस बार आठवें और नौवें स्थान पर आ गए हैं। इटली की सेना इस सूची में दसवें स्थान पर है।

ग्लोबल फायर पावर की सूची में शामिल कुल 145 देशों में सबसे कम सैन्य शक्तिशाली देश भूटान है। 145वें स्थान पर काबिज भूटान के बाद 144वें स्थान पर बेनिन, 143वें स्थान पर मोलदोवा, 142वें स्थान पर सोमालिया और 141वें स्थान पर लाइबेरिया है। इस सूची में सूरीनाम 140वें स्थान पर, बेलीज 139वें और पश्चिम अफ्रीकी देश सिएरा लियोन 138वें स्थान पर है। आइसलैंड 137वें और केंद्रीय अफ्रीकी गणराज्य 136वें स्थान पर है।

भारत-तंजानिया द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर सहमत

विलनियस । लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में दो दिवसीय उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर सोमवार को तुर्किये ने स्वीडन की नाटो सदस्यता पर सहमति जताई है। इस पर अमेरिका और नाटो प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने खुशी जताई है। नाटो शिखर सम्मेलन का आज (मंगलवार) यहां आगाज हो रहा है। नाटो प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने सोमवार को कहा कि तुर्किये सैन्य गठबंधन में शामिल होने के स्वीडन के प्रयास का समर्थन करने पर सहमत हो गया है। यह घोषणा लिथुआनिया के विलनियस में नाटो के शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर हुई है। उल्लेखनीय है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने पहले कहा था कि स्वीडन केवल तभी गठबंधन में शामिल हो सकता है जब उनके देश को यूरोपीय संघ में स्वीकार किया जाता है। एर्दोआन पिछले एक साल से अधिक समय से स्वीडन के नाटो में शामिल होने की राह में रोड़े अटका रहे थे।

नाटो प्रमुख स्टोल्टेनबर्ग ने

लिथुआनिया की राजधानी में एक बैठक के बाद ट्वीट किया। उन्होंने कहा-यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि बैठक के बाद राष्ट्रपति एर्दोगन ने स्वीडन के नाटो में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। यह कदम सभी नाटो सहयोगियों को मजबूत और सुरक्षित बनाता है। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने बर्लिन में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उम्मीद जताई कि स्वीडन जल्द ही नाटो का हिस्सा बन जाएगा।

इस घटनाक्रम पर व्हाइट हाउस के एक बयान में राष्ट्रपति जो बाइडेन के हवाले से कहा गया-मैं आज शाम तुर्किये, स्वीडन और नाटो महासचिव के बयान का स्वागत करता हूं। मैं 32वें नाटो सहयोगी के रूप में प्रधानमंत्री क्रिस्टरसन और स्वीडन का स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं ।

सोलुखुंबु से काठामांडू जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत छह लोग थे सवार, इनमें पांच विदेशी

नेपाल। नेपाल के सोलुखुभु से काठमांडू जा रहा एक हेलीकॉप्टर लापता होने के बाद क्रैश हो गया। इसमें छह लोगों के सवार होने की सूचना थी। बताया गया है कि सुबह करीब 10 बजे इस हेलीकॉप्टर का संपर्क कंट्रोल टॉवर से टूट गया। इसके बाद से ही चॉपर की कोई जानकारी नहीं मिली है। अधिकारियों के मुताबिक, मनांग एयर का हेलीकॉप्टर माउंट एवरेस्ट के करीब लापता हुआ है। त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के महाप्रबंधक प्रताप भानु तिवारी ने कहा कि हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के 15 मिनट बाद ही संपर्क से बाहर हो गया। हेलीकॉप्टर क्रैश की सूचना भाकंजे गांव के

लामजुरा स्थित चिहानडंडा के रहने वाले लोगों ने दी। स्थानीय निकाय के उपाध्यक्ष न्वांग ल्हाकपा शेरपा ने इसकी जानकारी आला अफसरों को दी।

सिंगापुरः भारतीय मूल के युवक को सुनाई गई 10 साल से ज्यादा की जेल की सजा; पुलिस पर हमले का था आरोप

सिंगापुर। सिंगापुर में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। वहीं, लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाने सहित उनके अन्य आरोप अभी भी लंबित हैं। यहां की एक जिला अदालत के न्यायाधीश जसविन्दर कौर ने सजा का एलान करते हुए कहा कि निखिल ने पुलिस अधिकारी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी भी की। यह यह अधिकार के प्रति घोर उपेक्षा को दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित अधिकारी को कानून पर्याप्त रूप से संरक्षण देगा। **क्या था मामला?** रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2020 में पांच नवंबर को वरिष्ठ स्टाफ सार्जेंट चुआ मिंग चेंग और इंस्पेक्टर झेंग यियांग सहित तीन अधिकारी धोखाधड़ी के मामले में जांच के लिए बैलेस्टियर में सिटी सूट्स की एक इकाई में गए थे। वहां उन्होंने खुद को पुलिस बताते हुए निखिल और उसके साथियों, प्रकाश मथिवनन और मलानी नायडू प्रभाकर को अपना परिचय दिया। इसी दौरान, प्रकाश ने स्टाफ सार्जेंट चुआ पर हमला कर दिया। साथ ही उसने अधिकारी के चेहरे और शरीर के ऊपरी हिस्से पर भी वार किया। वहीं, जब इंस्पेक्टर झेंग ने प्रकाश पर अपनी रिवॉल्वर तानकर हमला बंद करने के लिए कहा, तो प्रकाश ने उसके हाथ पकड़ लिए।

निखिल को बीते महीने आठ आरोपों में दोषी ठहराया गया था। इन आरोपों में सरकारी कर्मचारी के काम में दखल देने और उसको रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना, मादक पदार्थ(भांग) को साथ रखना और मेथामफेटामाइन का सेवन करना शामिल था।

रखना और मेथामफेटामाइन का सेवन करना शामिल था। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि सजा सुनाने से पहले उसके खिलाफ लगे 15 अन्य आरोपों पर भी सुनवाई की गई। उन्हें चोरी, धोखाधड़ी और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के लिए अगस्त 2022 में तीन साल और 10

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

लंदन पहुंचे बाइडन ने ब्रिटेन-अमेरिका संबंधों को बताया चट्टान की तरह मजबूत

लंदन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को लंदन में ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स तृतीय और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिले। बाइडन ने ब्रिटेन-अमेरिका संबंधों को चट्टान की तरह मजबूत बताया। लिथुआनिया में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन से पहले ब्रिटेन पहुंचे जो बाइडन का स्वागत विंडसर कैसल में सम्राट चार्ल्स तृतीय ने किया। 10, डाउनिंग स्ट्रीट स्थित प्रधानमंत्री आवास पर ऋषि सुनक ने बाइडन की मेजबानी की। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और व्यापक भू-राजनीति जैसे विषय बातचीत के एजेंडे में शामिल थे। नाटो शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष और आगे के लिए पश्चिम का समर्थन वार्ता का केंद्र बिंदु है। सुनक के साथ चर्चा से पहले बाइडन ने कहा कि ब्रिटेन और अमेरिका के संबंध चट्टान की तरह मजबूत हैं। ब्रिटिश प्रवक्ता ने कहा कि इस सप्ताह होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन को देखते हुए

प्रधानमंत्री सुनक और राष्ट्रपति बाइडन हमारे गठबंधन को मजबूत करने और यूक्रेन के लिए अपना समर्थन बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए। उन्होंने जवाबी हमले की प्रगति पर चर्चा की और देश के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों द्वारा इसकी दीर्घकालिक रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होने, यूक्रेन को इस युद्ध को जीतने और एक न्यायसंगत और स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। नाटो के व्यापक मुद्दों पर, वे यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर सहमत हुए कि स्वीडन के पास पूरी तरह से नाटो में शामिल होने का रास्ता तेज हो।